CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15
सोना 98,175 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 24 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 291 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टा: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -शेष पृष्ठ दो पर

■ ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेगे



### छात्र सुसाइड केस: राजस्थान सरकार को फटकार

**पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया**

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वत: संज्ञान लिया था।

# लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-



पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

### शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

### स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

### जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

# हवाई यात्रा: टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

## खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

■ डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश



### भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

# दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तान: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

■ आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा



### पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

# नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -शेष पृष्ठ दो पर

■ सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित

# आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।



■ सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही काम: मोदी

# गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

**छत्तीसगढ़ से** सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

■ चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद

# ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।

■ टिम कुक से कहा: जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और

■ हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें





## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुए थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गए, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।

### भाजपा सांसद को कांग्रेस ने दिया करारा जवाब


**नई दिल्ली।** सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं, तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं, उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है, इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा- इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि दुबे ने गांधी को संबोधित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था राहुल गांधी जी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है।

### कश्मीर में पर्यटन स्थलों को खोलने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पिछले महीने सुरक्षा कारणों से बंद पर्यटन स्थलों को तुरंत खोले जाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए निमर्म आतंकवादी हमले के बाद प्राधिकारियों ने कश्मीर घाटी में लगभग 50 रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों को बंद करने का आदेश दिया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गई थी। अभूतपूर्व हिंसा के कारण सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए तथा आगंतुकों की सुरक्षा के प्रति व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई। दूरू से विधायक मीर ने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में इन गंतव्यों को फिर से खोलने के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मीर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि कश्मीर पर्यटन को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश: मानसून में झमाझम बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपी भी अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार को तैयार

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून औसत से अधिक रहने के आसार जताए हैं, जिसे देखते हुए घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कैच द रेन कार्यक्रम के तहत अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार की तैयारी कर ली गई है। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है। उत्तर प्रदेश खासकर तराई के एक बड़े इलाके में तो इससे भी अधिक। मसलन अपने देश में पानी की नहीं इसके प्रबंधन की कमी है। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पूरी ने भी इस बात को स्वीकार किया। उनके मुताबिक भारत में जल संकट जल संसाधनों की कमी के नहीं उपलब्ध पानी के कुप्रबंधन के कारण है। डबल इंजन की सरकार (मोदी और योगी) का फोकस इसीलिए बारिश के हर बूंद को सहेजने का है।

### जारी रहेगा आंधी-तूफान का दौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों में आंधी तूफान और वर्षा जनित हादसों में 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान आंधी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि मौसम का यह मिजाज 29 मई तक बना रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने और वर्षा के आसार हैं। आमजनो को सलाह दी जाती है कि मेघ गर्जन और वज्रपात की दशा में पेड़ के नीचे अथवा खुले में खड़ा न हों। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात आठ बजे से 22 मई शाम चार बजे के बीच 21 जिलों में आंधी तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में 49 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। इस दौरान गाजियाबाद में दो,मेरठ में चार,बुलंदशहर में तीन,औरैया में चार,कासगंज और फतेहपुर में पांच-पांच,गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, एटा और कन्नौज में तीन-तीन, फिरोजाबाद और कानपुर देहात में दो-दो, अलीगढ़, हाथरस, चित्रकूट, अंबेडकरनगर,अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़ और उन्नाव में एक एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

# निजीकरण पर सीएम योगी करें हस्तक्षेप

लखनऊ, वार्ता



■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें।

जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने ,संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

# भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

नई दिल्ली।

■ गाजियाबाद में चार केस दिल्ली में एडवाइजरी जारी देश में अब तक 312 मामले

देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं।

इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और छठ1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

## भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से ज्यादा आतंकी ढेर: योगी

# आतंकवाद ही बनेगा पाक के अंत का कारण

अयोध्या, वार्ता



■ पाकिस्तान का आध्यात्मिक जगत से कोई नाता नहीं, जिसका अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है, पाक का समय अब पूरा हो गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तन आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

### योगी ने श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदईकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। मुख्यमंत्री का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किए जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई, वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार.चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा, तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लचताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड ईल्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30.वर्षीय बॉन्ड ईल्ड 5.14 प्रतिशत और 10.वर्षीय ईल्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है।

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के निर्यात में पिछले आठ वर्षों में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और इस दौरान निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनाई है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14652 रुपए, पाम ऑयल 14066 रुपए और वनस्पति तेल 15677 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आईपीएल की...** क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**हवाई यात्रा...** आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियार अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

**भारत-पाकिस्तान...**हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

**नौ वीर सपूतों...** कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

### स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

### अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# टूरिस्ट विलेज: ग्रामीण पर्यटन का सफल उदाहरण बना रुद्रप्रयाग का सारी गांव

■ गांव में संचालित हो रहे करीब 50 होम स्टे
■ वर्षभर रहती है पर्यटकों की आवाजाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जिले में तुंगनाथ, चोपता ट्रैक पर मौजूद सारी गांव उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन और स्वरोजगार की मिसाल कायम कर रहा है। सारी गांव में इस वक्त करीब 50 होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जिसमें ढाई सौ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

सारी गांव में होम स्टे की शुरुआत, 1999 में माउंटेन गाइड मुरली सिंह नेगी ने की, तब उन्होंने अपने पुराने घर की मरम्मत करते हुए, इस क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों को ठहरने और खाने की सुविधा प्रदान की। चूंकि यहां वर्ष भर पर्यटकों की आवाजाही रहती है, इस कारण जल्द ही अन्य लोगों ने भी अपने परम्परागत घरों के दरवाजे पर्यटकों के लिए खोल दिए। ग्रामीण शुरुआत से ही, पर्यटकों को पहाड़ी जीवनशैली के अनुरूप आवास और भोजन उपलब्ध कराते थे, जो पर्यटकों को नया अनुभव देता था। अब वर्तमान में यहां होम स्टे की संख्या 50 तक पहुंच गई है, जिसमें से 41 पर्यटन विभाग के पास पंजीकृत हैं, कई लोगों ने प्रदेश सरकार की दीन दयाल उपाध्याय पर्यटक होम स्टे योजना के तहत भी होम स्टे शुरु किए हैं। इसके अलावा 30 लोगों को ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम-स्टे योजनान्तर्गत के तहत अनुदान मिला है। स्थानीय ग्रामीण जीएस भट्ट बताते हैं कि गत वर्ष गांव में करीब सात हजार पर्यटक ठहरने के लिए आए। स्वरोजगार के चलते गांव में पलायन बहुत कम है, साथ ही अन्य गांवों के विपरीत सारी गांव पूरी तरह जीवंत बना हुआ है।



## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी किया रात्रि विश्राम

दिसंबर माह में रुद्रपयाग जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी सारी गांव पहुंच कर होम स्टे में रात्रि विश्राम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव में पयर्टन और स्वरोजगार के मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि इसे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम वासियों के साथ ही भोजन भी किया। रुद्रप्रयाग से सारी गांव की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है।



'सरकार होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही है। अच्छी बात यह है कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अब होमस्टे का कारोबार खूब फल फूल रहा है, जो ग्रामीणों की आर्थिक की का भी बड़ा जरिया बन रहा है।' :- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

### ट्रैकिंग रूट

**तुंगनाथ ट्रैक:** सारी से तुंगनाथ ट्रैक की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। यह ट्रैक आपको तुंगनाथ मंदिर तक ले जाता है, जो भगवान शिव को समर्पित है।

**चोपता ट्रैक:** सारी गांव से चोपता ट्रैक की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। यह ट्रैक आपको चोपता घाटी तक ले जाता है, जो इन दिनों लाल बुरांश से सजा हुआ है।

**देवरिया ताल ट्रैक-** सारी गांव से ही देवरिया ताल ट्रैक भी शुरु होता है, जिसकी दूरी करीब तीन किमी है।

### सफलता के आंकड़े

191 परिवार वर्तमान में निवासरत हैं सारी गांव में

1200 करीब की आबादी है गांव की

50 से अधिक होम स्टे संचा. लित हो रहे हैं गांव में

250 करीब लोगों को मिला हुआ है स्वरोजगार

# उत्तरकाशी के मोरी में अज्ञात बीमारी से दर्जनों भेड़-बकरियों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** विकास खंड के मोरी के धारा गांव में एक सप्ताह से फैली अज्ञात बीमारी 81 भेड़ बकरियों की मौत हो गई है। जिससे भेड़ बकरियों पाठकों में डर का माहौल है। ग्राम प्रधान रणदेव सिंह पंवार ने बताया कि पशु पालन विभाग की टीम बीते शनिवार से गांव में डटी हुई हैं और उपचार कर रही है, परंतु अब तक कोई राहत नहीं मिल सकी है।

उन्होंने बताया कि हर दिन दो से चार मवेशियों की मौत हो रही है, अभी तक 81 की मौत हो चुकी है। बताया कि अभी तक कृपाल सिंह, कीर्ति सिंह, नेगी सिंह, मूर्ति सिंह, जबर सिंह, प्रताप सिंह, ठाकुर सिंह, बरदान सिंह की भेड़-बकरियां मर चुकी हैं। मामले में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी एच सी बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों के सूचना पर पशु-चिकित्सक की टीम गांव में पहुंची है गुरुवार को 22 भेड़ बकरियों के मौत की सूचना सूचना मिली है लेकिन आज दूरभाष पर सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

# नहीं बदला गया किसी भी स्टेडियम का नाम: खेल विभाग

## स्टेडियम के नाम नहीं बदले, बल्कि परिसरों को दिए हैं नए नाम

■ राज्य के स्टेडियमों के नाम बदले की सूचनाएं एवं खबरें असत्य
■ खेल विभाग के प्रभारी अपर निदेशक ने मीडिया को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में पहले स्थापित स्टेडियमों के नाम बदलने की खबरें गलत तरीके से प्रसारित की जा रही हैं। क्योंकि खेल विभाग ने आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है कि राज्य में खेल विभाग द्वारा किसी भी स्टेडियम का नाम नहीं बदला गया है। केवल सम्पूर्ण खेल परिसर को नाम दिया गया है, जिसमें स्थापित विभिन्न खेल अवस्थापना सुविधाओं के जो नाम पूर्व से प्रचलित हैं वे यथावत रहेगे।

विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के रायपुर खेल परिसर, जनपद हरिद्वार के रोशनाबाद खेल परिसर, जनपद ऊधमसिंह नगर के रूद्रपुर खेल परिसर एवं जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में स्थित गोलापार खेल परिसर में निर्मित की गयी अवस्थापना सुविधाओं की पहचान तथा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के दृष्टिगत प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं आगुन्तकों को आयोजन स्थलों की पहचान को ध्यान में रखते हुये रायपुर खेल परिसर देहरादून का नाम रजत जयंती खेल परिसर, गौलापार खेल परिसर हल्द्वानी का मानसखंड खेल परिसर, रूद्रपुर खेल परिसर ऊधमसिंह नगर का शिवालिक खेल परिसर तथा रोशनाबाद खेल परिसर हरिद्वार का नाम योग स्थली खेल परिसर किया गया है।

### मीडिया व सोशल मीडिया में गलत खबरें

अपर निदेशक खेल द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर यह खबर चल रही है कि उक्त परिसरों में स्थापित स्टेडियमों के पूर्व में किये गये नामकरण को समाप्त करते हुये नये नामकरण किये गये हैं। उन्होंने ऐसी सूचनाओं को भ्रामक एवं तथ्यों से परे बताते हुए स्पष्ट किया है कि पूर्व में नामांकित किये गये किसी भी स्टेडियम का नाम नहीं बदला गया है। खेल विभाग द्वारा मात्र सम्पूर्ण खेल परिसर को नाम दिया गया है, जिसमें स्थापित विभिन्न खेल अवस्थापना सुविधाओं के जो नाम पूर्व से प्रचलित हैं वे यथावत् रहेंगे और भविष्य में बनने वाली खेल अवस्थापनायें इसी परिसर में समाहित रहेगी।



### राजीव गांधी व इंदिरा गांधी के नाम यथावत

इस संबंध में प्रभारी अपर निदेशक खेल अजय कुमार अग्रवाल द्वारा जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि रजत जयंती खेल परिसर के अन्तर्गत निर्मित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सोसाइटी एवं अन्य सभी अवस्थापनाओं तथा मानसखंड खेल परिसर हल्द्वानी के अन्तर्गत निर्मित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सोसाइटी, हॉकी ग्राउंड, तरणताल, मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य सभी अवस्थापना, शिवालिक खेल परिसर ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत निर्मित मनोज सरकार स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल, वेलोड्रम एवं अन्य सभी अवस्थापनाओ के साथ योगस्थली खेल परिसर हरिद्वार के अन्तर्गत निर्मित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल, तरणताल एवं अन्य सभी अवस्थापना सुविधाओं का नाम पूर्ववत रखा गया है। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# रामनगर अस्पताल में ई-रिक्शा से शव ढोने की घटना ,तीन सदस्यीय समिति करेगी जांच

■ स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश ने दिए कड़े निर्देश, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई ■ कहा "इस तरह की अमानवीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा"

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के रामनगर उप-जिला चिकित्सालय में एक संवेदनशील घटना सामने आई है, जहां एक युवक के पार्थिव शरीर को अस्पताल से मोर्चरी तक ई-रिक्शा में ले जाया गया। यह मामला सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से संज्ञान लिया है।

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय करार देते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशक करेंगे, जबकि अन्य दो सदस्य निद.ेशक प्रशासन और निदेशक स्वास्थ्य, कुमाऊं मंडल होंगे। समिति को 30 मई तक जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य सचिव ने नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप जिला चिकित्सालय, रामनगर से भी 26 मई तक विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में यह तथ्य सामने लाया जाए कि उप जिला चिकित्सालय में शव वाहन या एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध क्यों नहीं थी।

डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुन.रावृत्ति न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि यह हमारी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि हर व्यक्ति को, चाहे वह जीवित हो या मृत, गरिमा के साथ सेवा और व्यवहार मिले। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने आगे कहा कि, "मैंने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है।

समिति को 30 मई तक जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से 26 मई तक घटना की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी गई है। विशेष रूप से यह जांच की जाएगी कि शव वाहन उपलब्ध क्यों नहीं था और इस चूक के लिए कौन जिम्मेदार है।

# स्टेडियम के नाम बदले जाने के खिलाफ आंदोलन करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के चार प्रमुख स्टेडियम के नाम परिवर्तन करने का प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पुरजोर विरोध करते हुए इसके खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्वाग्रहों से ग्रसित हो कर देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज व राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर रजत जयंती खेल परिसर करने, हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम मानसखंड खेल परिसर करने, रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम करने व हरिद्वार स्थित वन्दना कटारिया खेल स्टेडियम का नाम योगस्थली खेल परिसर करने का निर्णय पूर्वाग्रहों से ग्रसित निर्णय है। कांग्रेस कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार से इन स्टेडियमों का नाम परिवर्तन का निर्णय रद्द करते हुए उनको यथावत करने की मांग की।




■ महाराणा प्रताप, वंदना कटारिया व मनोज सरकार का भी किया अपमान चारों स्टेडियम पर धरना प्रदर्शन होगा: धस्माना

भाजपा को कांग्रेस के महान नेताओं के नाम से एलर्जी है, मगर इस मानसिकता के कारण राज्य सरकार ने देश के महान शासक रहे महाराणा प्रताप, और मनोज सरकार व वंदना कटारिया जैसी खेल प्रतिभाओं का भी अपमान किया है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गोल्डन कार्ड से दून के 3 निजी अस्पतालों में जारी रहेगा इलाज

**देहरादून( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** गोल्डन कार्ड से राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरो को देहरादून के तीन बड़े अस्पतालों में इलाज जारी है ‹मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड धारकों को देहरादून के तीन प्रमुख निजी अस्पतालों में पूरी तरह से इलाज की सुविधा पूरी तरह जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि जॉली ग्रांट हॉस्पिटल, श्री महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल और ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में गोल्डन कार्ड से इलाज की सेवाएं नियमित रूप से जारी रहेंगी और इन अस्पतालों में आने वाले पात्र मरीजों को सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि सरकार का उद्देश्य यही है कि राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक को समय पर और उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो।

अपने हर नागरिक को ससमय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का लक्ष्य और सर्वोच्च दायित्व है‹ हमारी सरकार निर्धन और जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से निशुल्क उपचार की सुविधा आसानी से पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है:- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

■ आगामी 29 मई से शुरू होंगे कार्यक्रम
■ कृषि मंत्री से की भरसार यूनिवर्सिटी के कुलपति ने मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली यूनिवर्सिटी, भरसार के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल ने उनके कैंप कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले ष्विकसित कृषि संकल्प अभियानष के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. कौशल ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को बताया कि भरसार यूनिवर्सिटी द्वारा इस अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम जनपद टिहरी और पौड़ी में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भरसार के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों की तीन टीमें गठित की गई हैं और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

# मतदान केंद्रों पर मोबाइल डिपॉजिट करने की सुविधा भी मिलेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मतदाताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने और मतदान के दिन की जाने वाली व्यवस्थाओं को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से की गई विभिन्न पहलों के ही अनुरूप, निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबा. इल जमा (डिपॉजिट) कराने की सुविधा प्रदान करने और मत-याचना (कनवासिंग) करने के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक अनुदेश जारी किए हैं। ये अनुदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं।



शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग को ध्यान में रखते हुए और न केवल आम मतदाताओं बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतदान के दिन मोबाइल फोन के प्रबंधन (मैनेजिंग) में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा कराने की सुविधा देने का फैसला किया है। मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी और वह भी स्विच ऑफ मोड में। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 का नियम 49ड, जो मतदान केंद्र के भीतर मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करता है, का सख्ती से पालन किया जाता रहेगा।

इसके अलावा, चुनाव के दिन दी जाने वाली सुविधाओं में और सुधार लाने के उद्देश्य से, आयोग ने चुनावी कानूनों के अनुरूप मत-याचना के लिए अनुमत्य (परमिसिबिल) मानदंडों को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर के दायरे तक रखकर इसे युक्तिसंगत बनाया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे।

# राज्य विवि के अव्यवहारिक फरमान से संकट में निजी कॉलेज: अग्रवाल

■ संबद्धता के लिए निर्धारित की गई प्राभुत राशि में भारी वृद्धि से आहत है कॉलेज स्वामी
■ अधिकांश कोर्स बंद होने की कगार पर: डॉ. सुनील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य विश्वविद्यालयों की और से संबद्धता के लिए निर्धारित की गई प्राभुत राशि में भारी वृद्धि से उत्तराखंड के निजी कॉलेजों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। निजी कॉलेज एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने इस संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि अगर यही स्थिति रही, तो प्रदेश के कई कॉलेज अपने कोर्स बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पहले जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के लिए 2 लाख और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 4 लाख की फिक्स्ड डिपॉजिट ली जाती थी, अब उसे बढ़ाकर क्रमश: 15 लाख और 35 लाख कर दिया गया है। यह निर्णय 14 दिसंबर 2016 के शासनादेश संख्या 649 के तहत लिया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 2009 के विनियमों का हवाला दिया गया है।

### विनियम बाध्यकारी नहीं, विवि खुद तय कर सकते हैं राशि

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यूजीसी विनियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि यह राशि संबद्धता देने वाली प्राधिकरण की और से तय की जा सकती है, यानी यह अनिवार्य नहीं है। इसके बावजूद प्रदेश के विश्वविद्यालय इसे बाध्यता की तरह लागू कर रहे हैं। कोविड महामारी के दौरान जब कॉलेजों को स्टाफ को वेतन देने में कठिनाई हुई, तब इन जमा राशियों को इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी गई, लेकिन उसे अस्वीकार कर दिया गया।

### राज्यपाल के निर्देश भी बेअसर

1 अप्रैल 2024 को राज्यपाल की और से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे कि पिछले वर्षों की संबद्धता से जुड़े सभी मामलों को शीघ्र मंजूर कर राजभवन भेजा जाए। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, आज तक 2024 तक की संबद्धता के पत्र कॉलेजों को नहीं भेजे गए हैं। इसके उलट 2025-26 के सत्र के लिए फिर से 15 लाख और 35 लाख की डिपॉजिट राशि जमा करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश में अब भी पुरानी दरें लागू

डॉ. अग्रवाल ने सवाल उठाया कि जब उत्तराखंड के पितृ राज्य उत्तर प्रदेश में आज भी यह राशि 2 से 6 लाख के बीच ही है, तो उत्तराखंड में इसे इतनी अधिक क्यों बढ़ाया गया? उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार बिना किसी व्यवहारिकता को समझे नीति लागू करने की जल्दी में रहती है।

### प्राइवेट यूनिवर्सिटी की भरमार से पहले ही छात्र कम

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले ही निजी विश्वविद्यालयों की अधिकता और छात्रों की कमी की वजह से कॉलेज मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अब यदि यह नई व्यवस्था लागू होती रही, तो अधिकांश कॉलेजों को अपने कोर्स बंद करने होंगे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में वर्तमान उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रणजीत सिन्हा से इस मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई थी, लेकिन विवि प्रशासन की ओर से जो नए आदेश आए हैं, उससे हालात और बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

# मोदी विरोध में सभी हदों को पार कर गए राहुल गांधी : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया बयानों को, ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने गए प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों को कमजोर करने की को.शिश बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी विरोध में हताश निराश, राहुल गांधी की बातें अब स्वयं प्रति.निधिमंडल में गए कांग्रेस नेताओं से भी मेल नहीं खा रही हैं।



■ भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के बयानों को विदेश गए प्रतिनिधिमंडल की कोशिशों को कमजोर करने वाले बताया

उन्होंने मीडिया को दी गई प्रतिक्रिया में कहा कि राहुल गांधी बतौर राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के बाद अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी असफल साबित हो रहे हैं। सर्वदलीय बैठकों में कही गई एक भी बात पर वे और कांग्रेस पार्टी कायम नहीं रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्र हित में साथ देने की बात कही और लगातार एक के बाद एक, देश विरोधी और दुश्मन को लाभ पहुंचाने वाले बयान दिए। उन्होंने और उनके नेताओं ने बेवजह भारत के नष्ट लड़ाकू विमान की जानकारी मांगी, ड्रोनों को मार गिरने के लिए तारीफ करने की बजाय उन पर हुए खर्च को मुद्दा बनाया, किसी ने फिर से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे तो किसी को तो युद्ध ही नागवार गुजरा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी विरोध में वे सभी हदों को पार कर गए हैं।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति आयोग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) मुकेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार, नई टिहरी में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा एससीएसपी योजनाओं के तहत की गई प्रगति, व्यय विवरण, एससी/एसटी एक्ट में दर्ज मामलों की अद्यतन स्थिति और योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

राज्यमंत्री मुकेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आर्थिक और सामाजिक



रूप से सशक्त बनाने के लिए योजनाओं में सब्सिडी प्रदान की जा रही है, ताकि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे पलायन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में दो लोगों को प्रशिक्षित कर उन्हें स्कूलों, कॉलेजों और शिविरों में योजनाओं की जानकारी देने के लिए भेजा जाएगा, जिससे तकनीकी दिक्कतों का समाधान भी समय रहते किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी क्षेत्रीय भ्रमण कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें और पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं से जोड़ें।

राज्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। पशुपालन, कृषि और उद्यान विभाग को पलायन रोकने के लिए योजनाएं विस्तार करने और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार खाद-बीज की जानकारी किसानों तक पहुंचाने को कहा गया। समाज कल्याण विभाग को छात्रवृत्ति वितरण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने बताया कि प्रमाण पत्रों के लिए एक माह में पात्रता सत्यापन की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल लक्ष्य पूर्ति तक सीमित न रहकर योजनाओं का व्यापक प्रचार करें और गरीब व जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों का भ्रमण कर जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा में लाएं।

बैठक में समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, सेवायोजन, डीआरडीए, पुलिस, पर्यटन, उरेडा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अनुसूचित जाति के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग की सचिव कविता टम्टा, आईएएस प्रशिक्षु स्नेहिल कुंवर सिंह, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोली, ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी, नगर पालिका अध्यक्ष देवप्रयाग ममता देवी, जिला महामंत्री प्रेम टम्टा, सीओ टिहरी ओ.सिन जोशी, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मोहम्मद असलम, डीएसडब्ल्यूओ श्रेष्ठा भाकुनी सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गंगोत्री हाईवे पर सड़क पर पलटी तीर्थयात्रियों से भरी बस, 33 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 23 मई : गंगोत्री जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस धरासू गंगोत्री हाईवे पर चालक की राह लापरवाही से

अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में कुल 41 श्रद्धालु उत्तरप्रदेश,मध्य प्रदेश के सवार थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ समेत रेस्क्यू टीमें मौके लिए पहुंच कर घायलों अस्पताल में भर्ती करवाया । इधर अपर जिलाधिकारी पी एल शाह ने उत्तरकाशी स्थित चार धाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि सभी घायल तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुंडा भेजा जा



गया । गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी घायल समान्य रूप से घायल बताए गए हैं। वहीं उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, थानाध्यक्ष धरासू दिनेश कुमार ने पूरे रेस्क्यू अभियान तक मौके पर डटे रहे है। घटना शुक्रवार सवा दश बजे की है उत्तरप्रदेश,मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों से खचाखच भरी बस संख्या Uk 13PA- 0085

गंगोत्री तीर्थ धाम के लिए यात्रा पर जा रहे थे। लेकिन गंगोत्री हाईवे पर नालूपानी के पास बस सड़क पर पलट गई। गनीमत यह रही कि बस सड़क पर ही पलट गई। यात्री बस यदि खाई में गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बस में 41 तीर्थयात्री सवार थे, जिसमें 33 लोग घायल बताए गए हैं। इन में 8 तीर्थयात्री गंभीर घायल बताए गए हैं । बस पलटने का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। वहीं मध्य प्रदेश की घायल यात्री दुर्गा ने बताया कि चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। इधर थानाध्यक्ष धरासू दिनेश कुमार ने बताया कि चालक परिचालक फरार हो गया था।

# लखवाड़ बांध प्रभावितों की समस्याओं पर डीएम की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना से प्रभावित काश्तकारों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिला सभागार नई टिहरी में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में संघर्ष समिति के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में काश्तकारों ने भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, विस्थापन और रोजगार से जुड़ी समस्याएं रखते हुए समाधान की मांग की।

प्रभावितों ने जिलाधिकारी के समक्ष अधिकृत भूमि की धनराशि में वृद्धि, परियोजना के लिए नई भूमि अधिग्रहण में पारदर्शिता, परिसंपत्तियों का समुचित सर्वेक्षण, राजस्व ग्रामों का विस्थापन, कृषि मजदूरी दर में बढ़ोतरी, प्रभावित परिवारों को



रोजगार में आरक्षण और उनके बच्चों को तकनीकी शिक्षा की सुविधा जैसे मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बैठक में आश्वासन देते हुए कहा कि प्रभावितों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन संवेदनशील है। उन्होंने एसडीएम धनोल्टी को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समन्वय कर एक महीने के भीतर सभी प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

इसके साथ ही परियोजना निर्माण में संलग्न एलएंडटी कंपनी को निर्देशित किया गया कि वह कुशल और अकुशल कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए संघर्ष समिति से संपर्क करें और स्थानीय युवाओं के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया प्रारंभ करें, ताकि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता मिल सके। बैठक में एडीएम अवधेश कुमार, एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत, जल विद्युत निगम से राजीव अग्रवाल, एलएंडटी कंपनी से वी.एम. श्रीवास्तव, लखवाड़ बांध प्रभावित काश्तकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र रावत, संयोजक महिपाल सजवाण, महासचिव प्रदीप कवि, जयपाल राणा, शूरवीर रावत, बचन पुंडीर, अनिल पंवार, सरदार मल्ल, संदीप चौहान, विक्रम चौहान सहित कई अन्य समिति सदस्य और संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के माध्यम से प्रशासन और प्रभावितों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ, जिससे आगामी दिनों में समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की संभावना मजबूत हुई है।

# कीर्तिनगर के दर्जनों गांवों में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत पैण्डुला, जखंड, मैखंडी सहित आदि स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत के निवर्तमान प्रधान सुनय कुकशाल ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को ज्ञापन प्रेषित करते ग्राम पंचायत पैण्डुला के निर्वतमान ग्राम प्रधान सुनय कुकशाल ने कहा कि विकासखंड कीर्तिनगर के लगभग एक सप्ताह से भी अधिक समय से पैण्डूला, कण्डोली, जखण्ड, मैखण्ड़ी, चौकी, न्यूली, राडागाड़, चौकी, डागर, कोठार, बैन्जवाडी आदि अकरी पट्टी, बारजूला पट्टी, डागर पट्टी में विद्युत आपूर्ति काफी समय से बाधित चल रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही व्यापारियों को भी खासी दिक्कते हो रही है। कहा कि विद्युत सम्बंधित समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों को लगातार समस्या से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन विभाग लगातार झूठे आश्वासन देकर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है। कहा कि विभाग की लाचार सुस्त रवैये के कारण आमजनमानस परेशान है। विद्युत आपूर्ति न होने से बच्चों की पढाई पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही चार धाम यात्रा के समय स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है, लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण व्यापारियों को भारी परेशानियों को सामाना करना पड़ रहा है। उन्होने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से जल्द विद्युत आपूर्ति को सुचारू करने व आर्थिक नुकसान का आंकलन करने के लिए उत्तराखण्ड़ पावर कारपोरेशन लि० को आदेशित करने की मांग की है।

## एक नजर .......

### बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुरू हुआ चार दिवसीय समर कैंप

**कोटद्वार ।** नगर निगम कोटद्वार के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जड़ें एवं पंख थीम पर आधारित चार दिवसीय समर कैम्प शुक्रवार से आरंभ हो गया है। छात्र-छात्राओं ने समर कैंप की पहले दिन की गतिविधियों के अंतर्गत योग साधना, क्राफ्ट, मां की सीख पर संवाद और मेरे सपनों की उड़ान विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कैंप का आरंभ क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी सी पी शर्मा, आधारशिला रक्त समूह के संचालक दलजीत सिंह, प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत एवं स्थानीय पार्षद सौरभ नौडियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने जड़ें और पंख थीम पर आधारित समर कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि बताया कि कभी परिवार कभी वह वट वृक्ष हुआ करता था जो गीता, रामायण व वेद पुराण जैसे धर्म ग्रंथों के ज्ञान व दादा दादी की सीख से सिंचित होता आया था।

### जैव विविधता को बचाए रखने की ली शपथ

**कोटद्वार ।** एकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में शुक्रवार को विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ एवं ईको क्लब तथा यूसर्क विज्ञान चेतना केन्द्र के द्वारा शाक वाटिका तैयार करने के साथ ही तूफान से विद्यालय परिसर में उड़कर आए पिरुल को एकत्रित करके जैव विविधता को बचाए रखने की शपथ ली गयी। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को पृथ्वी ग्रह की जैव विविधता को बचाए रखने की शपथ दिलाते हुए बताया कि जैव विविधता एक प्रकार का थर्मामीटर है जो पृथ्वी पर जीवन के स्वास्थ्य को मापता है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, भौतिकता वादी जीवन शैली से बढ़ते प्रदूषण, वनों की अंधाधुंध कटाई और वनाग्नि जैसी घटनाओं, ग्लोबल वार्मिंग से पारिस्थितिकी तंत्र और उनमें मौजूद जीव जन्तुओं, पेड़-पौधों व अन्य घटकों की विविधता को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास निर्धारित की गयी है। मौके पर विद्यार्थियों ने विद्यालय में मौसमी शाक वाटिका तैयार की तथा तूफान से जंगल से उड़कर विद्यालय में आए पिरुल को इकट्ठा कर निस्तारित किया। इस दौरान रासेयो व यूथ इको क्लब से जुड़े सभी छात्रों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला ने बताया कि वर्ष 2023 में चौक बाउंस मामले में वारंटी बीते दो सालों से फरार चल रहा था। बताया कि पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद विपिन बल्लभ बहुगुणा पुत्र बुद्धि बल्लभ बहुगुणा, निवासी डूंगरियो, मोहल्ला बेस अस्पताल श्रीकोट को श्रीकोट से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि वारंटी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला, गंगा सिंह, चरण सिंह शामिल थे।

### घर बैठे अपना ओपीडी पंजीकरण करा सकेंगे मरीज

**श्रीनगर।**चिकित्सा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि डिजिटलीकरण के तहत मरीज अब घर बैठे ही ऑनलाइन अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए हर ओपीडी में एक कंप्यूटर लगा होगा और मरीज अपना टोकन नंबर बताकर ओपीडी में आ सकता है, यहीं नहीं वार्डो में भी मरीजों के ब्लड सैंपल जांच रिपोर्ट लाने की समस्या भी जल्द समाप्त होगी। इसके लिए वार्डो में कंप्यूटर लगा दिये गये है, जिससे लैब से मरीज की रिपोर्ट सीधे वार्ड में चली जायेगी। इससे मरीज व उनके तीमारदारों को अपनी रिपोर्ट लाने के लिए लैब या ब्लड कलेक्शन सेंटर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### कीर्तिनगर में निकली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

**श्रीनगर।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंक के अड्डों के धवस्त करने और पाकिस्तान को सबक सिखाने पर शुक्रवार कीर्तिनगर में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जाखणी सज कीर्तिनगर बाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौकज पर विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि भारत ने आतंक के अड्डों पर करारा प्रहार करते हुए पाकिस्तान और पीओके में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। उन्होंने कहा का आपरेशन सिंदूर हमारे सुरक्षाबलों की सटीक रणनीति और अद्वितीय साहस का प्रतीक है।कहा कि आपरेशन सिंदूर इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जब बात मातृभूमि की होती है, तब सैन्यभूमि उत्तराखंड का हर नागरिक एकजुट होकर देश के साथ खड़ा होता है। मौके पर भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, रणजीत जाखी, शैलेश मलासी, कुलदीप चौहान, दीपक राणा सहित आदि मौजूद थे।

# लंबगांव में निकली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गूंजे जयकारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विधानसभा प्रतापनगर के मुख्य बाजार लंबगांव में पूर्व भाजपा विधायक विजय सिंह पवार के नेतृत्व में शुक्रवार को एक भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई।

यह यात्रा शहीद विजेंद्र सिंह गैस एजेंसी से शुरू होकर नौघर पार्किंग तक गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान लोगों ने "सेना का पराक्रम अमर रहे" और "पाकिस्तान मुर्दाबाद" के नारे लगाकर देशभक्ति का जोश भर दिया। इस अवसर पर शहीद विजेंद्र सिंह स्मारक पर विजय सिंह पवार और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में पूर्व विधायक विजय सिंह पवार ने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिससे अब दुश्मन देश भारत की ओर आंख उठाकर देखने से पहले सौ बार सोचेगा। उन्होंने कहा कि यह भारत अब चुप रहने वाला नहीं रहा, बल्कि अब यह देश अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देने का साहस रखता है। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसमें हमारी तीनों सेनाओं ने अद्वितीय पराक्रम दिखाया है। उन्होंने सेनाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

# दिव्यांग जनों को सहायक उपकरणों का वितरण 'डोर-टू-डोर' के आधार पर सुनिश्चित करें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 23 मई : जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने सभी पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण 'डोर-टू-डोर' मॉडल के आधार पर सुनिश्चित करने निर्देश दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को प्रदत्त पेंशन योजनाओं एवं सहायक उपकरण वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण 'डोर-टू-डोर' मॉडल के आधार पर सुनिश्चित किया जाए,ताकि किसी भी लाभार्थी को उपकरण प्राप्त करने में असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सीएमओ एवं



जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिला चिकित्सालय परिसर में डीडीआरसी भवन के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने तथा प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने डुंडा में निर्मित वृद्धाश्रम भवन को दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के रूप में उपयोग हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिए।दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिन दिव्यांगजनों के आधार पंजीकरण में तकनीकी अथवा अन्य बाधाएं आ रही है,ऐसे मामलों का संवेदनशीलता से निस्तारण करते हुए हर संभव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने शिक्षा एवं बाल विकास विभाग को आवंटित आधार पंजीकरण मशीनों को तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए,ताकि क्षेत्रीय नागरिकों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया बाधित न हो। इस हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी ने बताया कि वर्तमान में 4,996 दिव्यांग लाभार्थियों को पेंशन प्रदान की जा रही है। बैठक में सीएमओ डॉ.बीएस रावत,सीएमएस डॉ.प्रेम पोखरियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, डीडीआरसी प्रबंधक श्रीमती विजयलक्ष्मी जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जशोदा बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजा यात्रा को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** आगामी 2026 को आयोजित होने वाली नंदादेवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया हैं। इसके तहत शुक्रवार को गढ़वाल एवं कुमाऊं की देवियों के मिलन स्थल नंदकेशरी एवं देवाल में पड़ाव समितियों की बैठकें आयोजित हुई।

नंदकेशरी में तहसीलदार अक्षय पंकज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि दोनों मंडलों की देवियों का मिलन होता हैं यात्रा का काफी अधिक दबाव चेपड़ो, नंदकेशरी,सरकोट,पूर्णा,देवाल, इच्छोली एवं पूर्णा तक बना रहता हैं। इसके तहत इन स्थानों पर वृहद स्तर पर पार्किगों का निर्माण किए जाने, शौचालयों का निर्माण, स्टेट लाइटों, प्रयाप्त मात्रा में पानी, बिजली की व्यवस्था, पैदल रस्तों, पुलियाओं के निर्माण, रेन सेंटरों का निर्माण, प्रयाप्त भोजन व्यवस्था सहित करीब 77 योजनाएं के निर्माण की मांग उठाई गई हैं।इस मौके पर पड़ाव अध्यक्ष कलम सिंह बिष्ट, नंदा मंदिर के पुजारी दयाल सिंह रावत, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र बिष्ट, पूर्व क्षेपंस लखन रावत, उमा देवी, कुंवर सिंह गड़िया आदि ने विचार व्यक्त किए। इसके बाद विकासखंड सभागार देवाल में आयोजित बैठक खंड विकास अधिकारी जगदीश चंद्र बेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में कहा गया कि नंदकेशरी एवं फल्दियागांव पड़ाव का दबाव देवाल में रहती यहां पर बाजार के दोनों क्षेत्रों में पार्किंग, शौचालय , रहने की बेहतरीन व्यवस्था की जाएं स्थानीय मंदिरों तक के पैदल रस्तों को दुरुस्त किए जाने की सहित कई मांग उठाई गई। इसके अलावा मुख्यालय के आसपास के स्कूल कालेजों को अस्थाई व्यवस्था के तौर पर सुव्यवस्थित किए जाने सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।इस मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, महामंत्री युवराज बसेड़ा, व्यापार संघ अध्यक्ष चन्द्र सिंह रावत, क्षेपंस खड़क सिंह बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र बिष्ट, पीटीए अध्यक्ष रमेश गड़िया भुपेंद्र बिष्ट, भानु कुनियाल,हेम मिश्रा, आदि ने विचार व्यक्त किए।

थराली।अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज देवाल का रमेश गड़िया को लगता दूसरी बार शिक्षक अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया। जबकि मनीषा देवी को एसएमसी का अध्यक्ष चुना गया।इस मौके संघ की नई कार्यकारिणियों ने कालेज के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने की बात कही।

शुक्रवार को देवाल इंटर कालेज के प्रांगण में पीटीए अध्यक्ष रमेश गड़िया की अध्यक्षता आयोजित हुई बैठक में अभिभावकों ने अध्यक्ष रमेश गड़िया के कार्यकाल पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें दुबारा जिम्मेदारी सौंपने की बात कही इस तरह लगातार रमेश गड़िया दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा कालेज के प्रधानाचार्य एमआर घुनियाल को पदेन उपाध्यक्ष, शिक्षक भुवन चंद्र पंत को पदेन सचिव, विरेंद्र सिंह रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# प्राचार्य ने बेस अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा निदेशक एवं मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज का बेस चिकित्सालय गढ़वाल भर के मरीजों के साथ ही चारधाम यात्रा में देशभर के विभिन्न हिस्सों से आने वाले तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य केन्द्र है, इसलिये सभी डॉक्टरों को आपसी समन्वय बनाकर मरीजों के हित में बेहतर कार्य करना होगा।

शुक्रवार को बेस चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड और सभी ओपीडी कक्षों का निरीक्षण करते हुए डॉ सयाना ने रजिस्टर वार्ड ब्वॉय द्वारा भरे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई और इंटर्नशिप कर रहे छात्रों से ओपीडी रजिस्टर भरवाने के निर्देश दिये।उन्होंने निर्देश का पालन न किये जाने पर संबंधी जेआर से स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिये। उन्होंने फटकार लगाते हुए रजिस्टर में मरीज के नाम, उम्र के साथ बीमारी और इलाज की जानकारी भी भरे जाने की बात कही, जिससे अस्पताल में मरीज का बीमारी, इलाज और दवाई से संबंधित आंकड़ा एकत्रित किया जा सके।डॉ सयाना ने कहा कि ओपीडी में वार्ड ब्वॉय का कार्य केवल मरीजों को लाइन में लाकर नंबर से भेजने का रहेगा। हर विभाग को इंटरकॉम की सुविधा रहेगी। निरीक्षण के बाद उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष के साथ बैठक लेते हुए कहा कि हर फैकल्टी मेम्बर को इमरजेंसी वार्ड का समय-समय पर राउंड लेकर सभी व्यवस्थाएं देखनी होंगी।

# शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शिक्षक संघ इकाई खिर्सू की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं त्रैवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज श्रीनगर में आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने स्विफ्ट चौक इन, अस्पतालों द्वारा गोल्डन कार्ड न लिये जाने आदि विषयों पर चर्चा की गई।

इस मौक पर बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत ने कहा कि शैक्षिक गोष्ठियों के माध्यम से शिक्षक और समुदाय के बीच संवाद को बढ़ावा मिलता है और उनके बीच संबंधों को मजबूत बनाती है। आज समयानुसार हम सभी को शिक्षा में नये आयामों के लिए अपने को तैयार करना होगा। जिलाध्यक्ष भगत सिंह भण्डारी ने कहा कि हमें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना होगा और संख्यात्मक ऑकडे को छोड़कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पर ध्यान देना होगा। इस मौके पर ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू रावत, पार्वती, सुनीता नेगी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन ने जूनियर हाईस्कूल संघ खिर्सू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रकाश रावत और पूनम रतूडी का स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री मुकेश काला, जिला वरि० संयुक्त मंत्री विपिन रांगण ,बिजेन्द्र भट्ट, , पदमेन्द्र लिंगवाल, प्रेमबल्लभ पंत ,देवेन्द्र असवाल, लक्ष्मी जयाड़ा ,चन्द्रमोहन भण्डारी ,जयदयाल चौहान, नवीन नेगी, किरन नैथानी, रेखा रावत, लक्ष्मी जयाड़ा, राजकुमारी चमोली, मंजू बिष्ट, मंजू भट्ट, सीमा नेगी ,विपिन गौतम सहित आदि मौजूद थे। शिक्षक संघ इकाई खिर्सू के अध्यक्ष बने चन्द्रमोहनश्रीनगर। त्रैवार्षिक अधिवेशन के बाद शिक्षक संघ इकाई खिर्सू की नई ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन किया गया। जिसमें चन्द्रमोहन बिष्ट को ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र सिंह असवाल, ब्लॉक मंत्री संजय नौडियाल, कोषाध्यक्ष पद पर नवीन नेगी एवं संयुक्त मंत्री के पद पर पूनम रतूडी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला मंत्री मुकेश काला ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# आपरेशन सिंदूर को मिल रहा देशभर में समर्थन: डा. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भाजपा श्रीनगर मंडल के ओर से नगर क्षेत्र में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूर्व सैनिकों का सम्मान करने साथ उनके राष्ट्रसेवा के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। शुक्रवार को भाजपा श्रीनगर मंडल की ओर से आयोजित तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा को ऐतिहासिक जनसमर्थन मिला। नगर के रामलीला मैदान से शुरू हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई सराफ धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में समाजसेवी, महिला मंगल दल की सदस्याएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाए। नगर के मार्ग भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। इसके उपरांत सराफ धर्मशाला परिसर में जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से केंद्र सरकार ने देशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया है। यह पाकिस्तान के विरुद्ध एक साहसिक और निर्णायक कार्रवाई थी, जिसकी सराहना देश के कोने-कोने से हो रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में जनता का स्वत:स्फूर्त समर्थन इस बात का प्रमाण है कि देशवासी राष्ट्रहित में सरकार के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर डा. रावत ने भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

# जौनपुर ब्लॉक के 115 गांवों में हंस फाउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाएं बंद, ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के जौनपुर विकासखंड के अंतर्गत 115 गांवों में संचालित हंस फाउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाएं बजट के अभाव में ठप पड़ गई हैं। इससे न केवल ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि इस सेवा से जुड़े करीब 20 कर्मचारियों का रोजगार भी संकट में आ गया है।

वर्ष 2022-23 से शुरू हुई इस पहल के तहत हंस फाउंडेशन ने गांव-गांव जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करानी शुरू की थीं, जिससे ग्रामीणों को अस्पतालों तक जाने की जरूरत कम पड़ती थी और समय पर स्वास्थ्य जांच व उपचार मिल जाता था। लेकिन अचानक मई 2025 से यह सेवा बंद हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है।

संस्था के स्थानीय प्रभारी अनिल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह स्वास्थ्य परियोजना वर्ष 2028 तक चलनी थी, लेकिन बजट की अनुपलब्धता के चलते इसे समय से पहले ही बंद करना पड़ा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कार्यरत 20 स्थानीय कर्मचारी अब बेरोजगारी के कगार पर पहुंच चुके हैं, जो इस योजना पर पूरी तरह निर्भर थे।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं गुलाब सिंह नेगी, रमेश नौटियाल, जनक बिष्ट, विजेंद्र सजवाण और रतनमणि गौड़ ने सरकार से मांग की है कि हंस फाउंडेशन को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में फिर से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन शुरू किया जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि दुर्गम और दूरस्थ इलाकों में अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता पहले से ही सीमित है, ऐसे में हंस फाउंडेशन की सेवाएं एक बड़ी राहत के रूप में कार्य कर रही थीं। सेवाओं के अचानक बंद होने से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने शासन और प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर इस योजना को दोबारा शुरू कराने की अपील की है, ताकि ग्रामीणों को पुन: प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें और क्षेत्र के युवाओं का रोजगार भी सुरक्षित रह सके।

# दून की धड़कन 'घंटाघर' जल्द दिखेगा और भव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन के अभूतपूर्व प्रयासों से ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर सौंदर्यीकरण का काम आखिरी चरण में चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने शुक्रवार को घंटाघर, दिलाराम व ब्रह्म कमल चौक चौराहों पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सौन्दर्यीकरण कार्यो को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी चार्ज संभालते ही देहरादून में आम जनमानस की सुगम सुविधा एवं व्यवस्थित यातायात के लिए योजनाबद्ध तरीके से बजट का प्रावधान करते हुए विकास कार्यो को गति प्रदान करने में जुटे है। ऐतिहासिक घंटाघर एवं अन्य चौक चौराहें जल्द ही पहाड़ी शैली में भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में दिखेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि घंटाघर हमारी राजधानी का प्रतिष्ठित स्मारक है। इसका अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है। यह हमारे राज्य की धरोहर है। शहर के मध्य में होने के कारण हर रोज यहां से हजारों पर्यटक एवं आम नागरिक गुजरते है। यहां से गुजरने वाले हर पर्यटक व नागरिक को उत्तराखंड राज्य की संस्कृति से रूबरू कराने के लिए घंटाघर सहित कोठाल गेट, साईं मंदिर, दिलाराम, ब्रह्म कमल जैसे प्रमुख चौक चौराहों को पहाड़ी शैली में सौंदर्यीकरण किया जाना आवश्यक था। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के माध्यम से यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कठोल गेट व साई मंदिर चौक में एक नई स्लिप रोड भी अलग से बनाई गई है। इसके अलावा 11 रेड लाइट जंक्शन पर ट्रैफिक लाइट स्थापित की गई है। इन चौराहों पर राज्य की संस्कृति एवं कला को प्रदर्शित करते हुए जनता की अपेक्षा के अनुसार विकसित किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने ग्रेट वैल्यू चौक में ब्रह्मकमल के कारण चौक की गोलाई अधिक होने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। इस चौक को नया स्वरूप देने के लिए नए डिजाइन के साथ चौक का सौन्दर्यीकरण व सुधारीकरण के लिए काम शुरू कर दिया गया है। वहीं ये ऐतिहासिक स्थल अपने भव्य स्वरूप से जनमानस को आकर्षित करेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।



■ ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर व प्रमुख चौक-चौराहे सौन्दर्यीकरण कार्य युद्धस्तर पर

# कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत पैदल यात्रा कर करेंगे बूढ़ा भरसार मंदिर के दर्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार को थलीसैण ब्लॉक स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा भरसार मंदिर जाएंगे। डॉ. रावत मंदिर तक का सफर पैदल मार्ग से तय करेंगे, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

थलीसैण विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित बूढ़ा भरसार मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर लगभग 8वीं शताब्दी का है और घने बांज व देवदार के जंगलों के बीच स्थित है। थलीसैण क्षेत्र के लोग बूढ़ा भरसार को अपना आराध्य देवता मानते हैं।

डॉ. रावत की इस पैदल यात्रा में जिलाधिकारी पौड़ी सहित प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी शामिल रहेंगे। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगी, बल्कि इससे क्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि बूढ़ा भरसार मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य कर रही है और ऐसे स्थलों की सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

बूढ़ा भरसार जैसे धार्मिक स्थलों की विशेषता यह है कि वे आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य से भी परिपूर्ण हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु न केवल अध्यात्मिक संतुष्टि प्राप्त करते हैं, बल्कि प्रकृति की गोद में शांति और सुकून का अनुभव भी करते हैं।

डॉ. रावत की यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्रीय पर्यटन व धार्मिक आस्था दोनों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।



■ थलीसैण क्षेत्र के आराध्य देवता बूढ़ा भरसार के प्रति जताएंगे आस्था

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. एस. फारूक सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने वाले डॉ. एस. फारूक को उनके उत्कृष्ट योगदान और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण के लिए गुरसिख एजुकेशन सोसाइटी की और से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एस. देवेंद्र सिंह और सचिव एस. गुरबख्श सिंह ने उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। डॉ. फारूक ने बीते वर्षों में कई ऐसे जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का भार उठाया है, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ थे।

## मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

**देहरादून ( संवाददाता शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के हिसाब से देहरादून, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, उत्तर काशी में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। बता दें उत्तराखंड में अगले 6 दिनों यानी 23 मई से 28 मई तक प्रदेश के तमाम हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया बिजली गरजने के साथ तूफान आने की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध, कांग्रेस की विकास विरोधी सोच: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादन ।** भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन पर उत्तराखंड कांग्रेस की राय को दुर्भाग्यपूर्ण और विकास बाधित करने की सोच बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मे किये गए प्रयास ईमानदारी से होते तो यह विचार धरातल पर उतरता और चुनाव के चलते न विकास बाधित होता और न ही ला एंड ऑर्डर पर कोई फर्क पड़ता।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि आजादी के बाद इसी नीति में 4-4 सरकारें बनाने वाली पार्टी अब हार के डर से विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर गठित जेपीसी के सामने उत्तराखंड भाजपा ने इस कदम के समर्थन में अपना मत स्पष्ट किया है। हमारा मानना है कि विकसित भारत निर्माण की गति तेज करने, चुनावी खर्च को घटाने, विकास कार्यों को निर्बाध करने, संसाधनों का दुरुपयोग रोकने तथा मतदाताओं को अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए यह अति आवश्यक कदम है। उन्होंने इस मुद्दे पर कमेटी के माध्यम से सामने आई उत्तराखंड कांग्रेस की राय को स्वार्थ और नकारात्मक सोच से प्रेरित बताया। चौहान ने कहा कि यह बेहद अफसोसजनक और हैरान करने वाली बात है कि 1952 से लेकर 1965 तक देश में सभी चुनाव एक साथ चुनाव पर जीतने वाली कांग्रेस अब इसका विरोध कर रही है।



■ भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा- कांग्रेस की राय स्वार्थ और नकारात्मक सोच से प्रेरित

## एक नजर .......



### डीएम व एसएसपी ने आईएसबीटी ड्रेनेज, ट्रैफिक कंट्रोल, फ्लाई ओवर का किया निरीक्षण

**देहरादून। (शाह टाइम्स संवाददाता )।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह संग आज आईएसबीटी फ्लाईओवर सुधारीकरण एवं ड्रेनेज कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी 15 चौम्बरर्स, ढक्कन; रोड ब्लैक टॉप;विद्युत लाईन भूमिगत, सीवरेज लाईन्स की सफाई कार्य 5 जून तक हो पूर्ण हो जाने चाहिए। यूपीसीएल को विद्युत भूमिगत करने के लिये दिन कार्य करने के लिए सर्शत अनुमति देते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि रोड ब्लैक टॉप के उपरान्त यदि सड़क खुदाई की गई तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वर्षों से शहर के एन्ट्री प्वांईट आईएसबीटी पर मानसून सीजन में नासूर बने आईएसबीटी चौक अब जलमग्न नहीं होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी सविन बसंल ने शिमला बाईपास, आईएसबीटी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। राजधानी देहरादून में जनमानस को सुगम सुविधा मुहैया कराने में जिलाधिकारी सविन बंसल हर स्तर के कार्यों को धरातल पर उतार रहे है और मुख्यमंत्री के संकल्प को सिद्वी तक ले जाने का काम कर रहे है। जिलाधिकारी के प्रयासों से जहां देहरादून के पौराणिक धरोहरों की तस्वीर संवरने लगी है वही सुगम और सुरक्षित सड़क सुविधा के लिए अभिनव पहल शुरू की गई है। शहर में नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यो के लिए जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी से बजट 10 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी तीरथपाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

### जयहिंद रैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**देहरादून। (शाह टाइम्स संवाददाता )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन देश पाकिस्तान की और से प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ देश के सैन्य बलों के अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से 31 मई को हल्द्वानी में जयहिंद रैली का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान ने बताया कि रैली की तैयारी को लेकर कल प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में स्वराज आश्रम हल्द्वानी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, एआईसीसी, पीसीसी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, सभी अनुषांगिक संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के अध्यक्षगणों की बैठक का आयोजन किया गया है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता गणों एवं पदाधिकारीगणों से समन्वय की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत को सौंपी गई है। प्रदेश प्रवक्ता हिंदवान ने यह भी बताया कि प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत 23 मई को देहरादून से प्रस्थान कर हल्द्वानी पहुंचेंगे जहां पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे तथा दिनांक 24 मई को तैयारी बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

### जोशी ने 12वीं कक्षा की मेधावी छात्रा हिमाद्रि माहरा को किया सम्मानित



**देहरादून। (शाह टाइम्स संवाददाता )।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हाथीबड़कला की मेधावी छात्रा हिमाद्रि माहरा को सम्मानित किया। हिमाद्रि ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99.2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर मंत्री गणेश जोशी ने छात्रा को 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने हिमाद्रि और उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिमाद्रि के पिता भगवान सिंह एक निजी संस्था में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता हेमा माहरा गृहिणी हैं।

# फैकल्टी एक्सचेंज की संभावनाएं तलाशेंगे यूपीईएस व एसजीआरआर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** यूपीईएस व गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सहयोग स्थापित किया है। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थान आपसी सहयोग के लिए एक रूपरेखा तय करेंगे, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा, छात्र प्रशिक्षण और ज्ञान साझाकरण पर विशेष जोर रहेगा।

इस सहयोग के तहत दोनों विश्वविद्यालय संस्थानिक भ्रमण की व्यवस्था करेंगे जिससे छात्रों को व्यावहारिक और गहराई से सीखने का अवसर मिलेगा। यूपीईएस के शिक्षक और छात्र महंत इन्द्रेश अस्पताल, फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल और गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज का दौरा करेंगे, जो एसजीआरआर विश्वविद्यालय के प्रमुख संस्थान हैं। वहीं दूसरी ओर, एसजीआरआर विश्वविद्यालय के छात्रों को यूपीईएस की उन्नत (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सुविधाओं का अनुभव मिलेगा, जहां वे संकाय से संवाद करेंगे और प्रायोगिक शिक्षण में भाग लेंगे। इस सहयोग का एक प्रमुख उद्देश्य छात्रों के प्रशिक्षण और विकास पर केंद्रित है। विशेष रूप से स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों को उनके करियर विकल्पों और उद्योग के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन देने के लिए करियर काउंसलिंग की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, दोनों संस्थान संयुक्त ज्ञान पहलों जैसे कि फैकल्टी एक्सचेंज और मेंटरशिप कार्यक्रमों की संभावनाएं भी तलाश रहे हैं, जिससे संस्थागत क्षमता का विकास हो सके और विभिन्न विषयों में सहभागिता को बढ़ावा मिले।



■ यूपीईएस के शिक्षक और छात्र करेंगे महंत इन्द्रेश अस्पताल का दौरा

## हमलावर गिरफ्तार, भेजा जेल

**देहरादून। (शाह टाइम्स संवाददाता )।** मामूली से कहा सूनी के बाद के बाद जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। कुछ दिन पूर्व पीड़ित आदर्श वीर धवन निवासी विवेक विहार जाखन राजपुर द्वारा थाना राजपुर शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि पडोस में रहने वाले शाहरूख नाम के व्यक्ति से किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया था, जिस पर शाहरूख द्वारा उनके साथ मार- पीट करते हुए उनके सिर पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गये। हमले के बाद आरोपी लगातार खराब चल रहा था जिसको लेकर राजपुर पुलिस ने आरोपी शाहरुख अंसारी पुत्र मोहम्मद उस्मान निवासी नई बस्ती राजपूर देहरादून, स्थाई पता-ग्राम संधू बर, थाना सवेरा जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा।

# जिला कारागार में लगाया योग शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अनुक्रम में एक दिवसीय योगाभ्यास शिविर कार्यक्रम जिला कारागार सुद्धोवाला में आयोजित किया गया। कारागार अधीक्षक पवन कुमार कोठारी व अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सविता कोठियाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर योगाभ्यास का शुभारंभ किया।

मीडिया प्रभारी डॉ. डीसी पसबोला ने बताया गया कि सभी कैदियों को कार्यक्रम में जोड़ा गया। शिविर में कैदियों को योग तथा प्राणायाम के बारे में बताया गया व योग के द्वारा निरोग रहने के प्रति जागरूक भी किया गया।

कार्यक्रम का नोडल अधिकारी डॉ. रेखा त्रिपाठी को बनाया गया। टीम में डॉ. अमित यादव, डॉ. आशीष सुन्दरियाल, अजय पंवार, उषा चौहान, सुशील बलोनी, मनोज कुमार और योग अनुदेशकों उपासना कोठारी एवं रविन्द्र थपलियाल को शामिल किया गया।

## कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**नैनीताल।** उत्तरकाशी पीजी कॉलेज में कार्यरत पति-पत्नी एसोसिएट प्रोफेसर को पिथौरागढ़ पीजी कॉलेज सम्बद्ध करने और उनके खिलाफ जांच की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग के अनु सचिव और जांच अधिकारी के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की। कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि जांच अधिकारी अपने को जज न समझें। शुक्रवार को नैनीताल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में रामचंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमेश सिंह और उनकी पत्नी की याचिका सुनवाई हुई।

# ट्रेनिंग के बाद नए पुलिस कर्मियों को कप्तान ने दिए गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों से एसएसपी ने बातचीत करते हुए प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारियों को बारीकियों से सीखने के संबंध में कराया अवगत कराया।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनके निराकरण के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों से पुलिस लाइन सभागार में इंटरेक्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रशिक्षण के महत्व व उसके उद्देश्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर दी जा रही जानकारियों को बारीकियों से सीखने के संबंध में अवगत कराया, जिससे भविष्य में उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान इसका लाभ मिल सके। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र में नियुक्त प्रशिक्षकों से वार्ता करते हुए एसएसपी द्वारा उन्हें सभी प्रशिक्षुओं के प्रति सहयोगी एवं संयमित व्यवहार रखने तथा सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अंत: तथा बाह्य विषयों के सम्बन्ध में गहनता से प्रशिक्षण/जानकारी देने के निर्देश दिए गए, जिससे वे भविष्य में कर्तव्यों के दौरान आने वाली किसी भी चुनौतियों का सामना आसानी से कर सके।



# रिस्पना व बिन्दाल पर ऐलिवेटेड रोड बनाना होगा विनाशकारी: धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस ने उत्तराखंड सरकार के देहरादून की रिस्पना व बिंदल नदियों पर एलिवेटेड रोड बनाने के निर्णय को देहरादून घाटी के लिए विनाशकारी निर्णय बताया। धस्माना ने कहा कि देहरादून की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में प्रकृति ने पूरब दिशा में रिस्पाना और पश्चिम दिशा में बिंदल नदी सौगात में दी जिसमें पूरे कैचमेंट छेत्र का पानी व बरसात का पानी समा जाता है और देहरादून की जनता को बाढ़ का प्रकोप नहीं झेलना पड़ता। धस्माना ने कहा कि राज्य बनने से पूर्व देहरादून में पूर्व दिशा में ईस्ट कैनाल व पश्चिम दिशा में वेस्ट कैनाल थीं जिनमें बरसात का शहर के अंदरूनी क्षेत्रों का पानी समा जाता था, मगर राज्य निर्माण के बाद ट्रैफिक का भार झेलने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के कारण यह दोनों नहरें भूमिगत कर दी गई जिसके कारण अब शहर के अंदरूनी हिस्सों का पानी इन नहरों में ना जा कर सड़कों पर बहता है और पूरी बरसात देहरादून शहर को जल भराव की समस्या से जूझना पड़ता है। धस्माना ने कहा कि अब जो एलिवेटेड रोड का शोर हो रहा है और लोग खुश हो रहे हैं उनको इस बात का अंदाजा नहीं है कि इसके क्या दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे।

# मसूरी में गूंजा देशभक्ति का स्वर, जोशी हुए शामिल

■ हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, पूर्व सैनिकों सहित युवाओं एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ भाग लिया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून / मसूरी।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को मसूरी में आयोजित भारतीय सशस्त्र बलों के सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही तिरंगा सम्मान यात्रा में प्रतिभाग किया।

तिरंगा सम्मान यात्रा टिहरी बस स्टैंड से मसूरी गांधी चौक तक आयोजित की गई। जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, पूर्व सैनिकों सहित युवाओं एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान तिरंगे के सम्मान में नारे गूंजे और देशभक्ति गीतों की धुन पर लोगों ने देश के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैन्य इतिहास की एक गौरवशाली गाथा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए सेना के बलिदान की मिसाल है। उन्होंने कहा कि आज का भारत बदल चुका है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अब केवल चेतावनी नहीं देता, बल्कि समय आने पर निर्णायक और कठोर र्यवाही करता है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आतंकवाद अब भारत को डरा नहीं सकता अब भारत आतंक के गढ़ में घुसकर उसका खात्मा करना जानता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। जोशी ने कहा कि भारत ने अपने पराक्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि अब कोई भी शत्रु हमारी सीमाओं की ओर आंख उठाने की जुर्रत नहीं कर सकता। इस अवसर पर नगर पालिका का अध्यक्ष मीरा सकलानी, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, ओपी उनियाल, कुशाल राणा, सतीश ढौंडियाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पोषाहार वितरण के लिए 10 टीबी मरीजों को लिया गोद

■ केदारखण्ड पहाड़ी जनकल्याण समिति, देहरादून बनी निक्षय मित्र



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केदार खण्ड पहाड़ी जनकल्याण समिति , देहरादून ने निक्षय मित्र बनते हुए दस टीबी रोगियों को पोषाहार वितरण के लिए एक वर्ष के लिए गोद लिया ।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज वर्मा ने निक्षय मित्र के तथा पोषाहार के संबंध में बताया गया कि अधिकांश टीबी रोगियों की मृत्यु का सब से बड़ा कारण कुपोषण है और सभी जनसामान्य तथा संस्थाएं टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराके मरीजों को स्वस्थ करने में सहयोग कर सकते हैं। डॉ वर्मा ने संस्था के सभी उपस्थित पदाधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त कर उनका अभिनंदन किया । इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष अनिल गौड़ , कोषाध्यक्ष विजय सिंह बेलवाल, मनीषा क्षेत्री व संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHARIA.( पुराना नाम )से बदलकर SHARIA RAIS (नया नाम) कर लिया है, भविष्य में मुझे SHARIA RAIS (नया नाम) D/O RAIS AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। पता- 270, EWS MDDA COLONY, DALANWALA DEHRADUN.

# पुलिस ने चार साल की मासूम के हत्यारे को किया गिरफ्तार

## लक्सर में श्मशान के पास खंडहर में छिपा था आरोपी सूरज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चार साल की मासूम की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया है। हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बसेड़ी रोड़ लक्सर स्थित कबाड़ी बस्ती से शमशान घाट की ओर जाने वाली सडक के पास बने खण्डर से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को 5 हजार व आईजी गढ़वाल रेंज ने 25 हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस चौकी मायापुर में हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि बच्ची की हत्या का आरोपी सूरज उर्फ सूरजभान मूलरूप से यूपी के कासगंज जिल के सुन्नीगढ़ी थाना क्षेत्र नगलाढाव का निवासी है। आरोपी पिछले पांच माह से रोड़ीवाला में झुग्गी में बच्ची के



परिवार के साथ उनकी झोंपड़ी में रहता था। उसके बच्ची की मां से अवैध संबंध थे। बच्ची के पिता को अवैध संबंधों की जानकारी होने पर उसने बेइज्जती कर आरोपी को झोंपड़ी से निकाल दिया था। इसका बदला लेने के लिए उसने मासूम का गला घोंटकर बेहरमी से हत्या कर दी और फरार हो गया था। बीती 13 मई को बच्ची के पिता ने सूरज को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था और गुस्से में आकर बच्ची के पिता ने सूरज की पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया था। इससे गुस्साएं सूरज ने बदला लेने के लिए मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आरोपी के घर के बारे में किसी को कोई भी स्पष्ट जानकारी नही थी। आरोपी मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नही करता था। उसके किसी परिवार या व्यक्ति से करीबी ताल्लुकात नही थे और घुमक्कड़ी स्वाभाव का होने के कारण वह कई किलोमीटर तक पैदल ही निकल जाता था। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीमों ने आस-पास स्थित झुग्गी झोपडियो सहित हरकी पैडी, सर्वानन्द घाट, विष्णु घाट, लालजीवाला, मोतीचूर, रायवाला ऋषिकेश में रह रहे लोगों से पूछताछ की। आरोपी के सहारनपुर भागने की संभावना के मद्देनजर टीम ने हरिद्वार से सहारनपुर तक के बीच में करीब 600-700 सीसीटीवी कैमरों की फूटेज चौक की। पुलिस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के जरीए आरोपी की तस्वीर साझा कर आमजन से भी सहयोग मांगा। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने खंडहर में छिपे सूरज को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष समाजसेवी पंडित अधीर कौशिक ने भी पुलिस टीम को सम्मानित किया और ईनाम स्वरूप 21 हजार रूपए का चेक एसपी सिटी को सौंपा। पत्रकारवार्ता के दौरान एसपी सिटी पंकज गैरोला, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह मौजूद रहे।

# 60 लाख की स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी बरेली से स्मैक लाकर धर्मनगरी की फिजाओ में घोलना चाह रहा था नशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बरेली के एक नशा तस्कर को 60 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए पथरी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली चौकिंग के दौरान गुर्जरबस्ति तिराहे से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 308 ग्राम स्मैक व एक मोबाइल फोन 5600 रुपये नगद बरामद किया है। बाजार में स्मैक की कीमत लगभग 60 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अतीफुद्दीन 30 वर्ष पुत्र फैजुद्दीन निवासी ग्राम मजनूपुरा थाना भेसोरा जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया कहा कि यह स्मैक बरेली के रहने वाले गुड्डू से खरीद



कर लाया था तथा हरिद्वार व देहरादून में स्थित बड़े नामी कॉलेजों में बेची जानी थी पुलिस गुड्डू की भूमिका की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ देहरादून, व श्यामपुर थाने में भी एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज है। पुलिस टीम में सीओ लक्सर नताशा सिंह, एसओ पथरी मनोज नोटियाल, फेरुपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक, उपनिरीक्षक यशवीर नेगी, रोहित कुमार, काव आदेश, बालम सिंह रहे। लक्सर सीओ नताशा सिंह ने बताया एक स्मैक तस्कर को 308 ग्राम स्मैक के साथ गुर्जरबस्ति तिराहे से गिरफ्तार किया है। बाजार में जिसकी कीमत लगभग 60 लाख की बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# स्टेडियम का नाम बदला, तो कांग्रेस करेगी आंदोलन: वीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास कार्य करने के बजाय नाम बदलने का काम कर रही है। पूरी दुनिया में देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली हाकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के नाम पर बने स्टेडियम नाम बदला जा रहा है। जिसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार स्टेडियम का नाम बदलने के बजाए दूसरा स्टेडियम बनाए। स्टेडियम का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता धरना दे रहे हैं। यदि जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में आपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में 84 हजार पद खाली पड़े हैं। खाली पदों को भरने के लिए सरकार की ओर से गंभीरता से कोई विचार




नहीं किया जा रहा है। कहा कि लक्सर में धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है। कुछ दिन पूर्व डंपर की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई थी। इस घटना में सरकार की ओर से मृतक परिवार को अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, पूर्व एमएलसी रामयश सिंह, महेश प्रताप राणा व राजवीर सिंह चौहान ने कहा कि हरिद्वार की दलित बेटी वंदना कटारिया जिसने उत्तराखंड का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। वंदना कटारिया के नाम पर बने स्टेडियम का नाम भी बदला जा रहा है। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। स्टेडियम का नाम नहीं बदलने दिया जाएगा। प्रैसवार्ता के दौरान राजवीर सिंह चौहान, विमला पाण्डेय, अंजू मिश्रा, महेश प्रताप राणा, संतोष चौहान रविश भटीजा, कपिल पाराशर, दीपक टण्डन, तीर्थपाल रवि, राव अफाक अली, बी.एस तेजीयान, पूर्व विधायक रामयश सिंह, लता जोशी, विकास सिह, सी.पी.सिंह, चंद्रपाल सिंह, रचना सिंह, सुखपाल जायसवाल, मार्कण्डेय सिंह, उपेन्द्र कुमार, विक्रम शाह, दीपक कपुर, मंजू गोस्वामी, आकाश बिरला, राव कासीफ, शिवराम, संतोष चौहान, विकास चन्द्रा, रविबाबू शर्मा, मंजू गोस्वामी, मृत्युंज्य पाण्डे, राहुल शर्मा, अंकित चौहान, इदरीश, शशी झा, ग्रेस कश्यप, रंजना आदि मौजूद रहे।

# जिला समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में जिला समन्व एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सीसीआर सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह हैं, जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी मुद्दे उठाये जा रहे हैं, अगली मीटिंग में उन मुद्दों के समाधान, चल रही कार्यवाही या समाधान नही हो सकता है तो उस पर स्पष्ट जवाब दें कि हमारे पास समाधान नहीं हैं, ताकि ऐंसी स्थिति में आगे का रास्ता निकाला जा सके। उन्होंने दिव्यांग, गरीब, महिलाओं आदि के प्रति शालीनता एवं अच्छा रवैया अपनाते हुए अच्छे से अच्छा कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पुरकाजी-लक्सर-हरिद्वार मार्ग को फोर-लेन करने के लिए सर्वे कार्य पूरा कर लिया जाये। उन्होंने रिंग रोड निर्माण हेतु फैज टू के लिए आवश्यक कार्यवाही करने तथा हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे का निर्माण कार्यों में तेजी लाकर अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों से जुड़ी समस्याओ के समाधान हेतु जिलाधिकारी को सम्बन्धित अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत शेष 6 सड़कों का निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई को दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि एम्बुलेंस का संचालन प्रोपर रूप से किया जाये तथा संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या है तो सीएसआर के अन्तर्गत कम्पनियों का सहयोग लिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि एम्बुलेन्स का रेस्पोन्स टाईम कम से कम हो। उन्होंने निर्देश दिये कि आयुष्मान योजनान्तर्गत अनुबन्धित तथा सरकारी अस्पतालों के ईलाज का डेटा निकाल कर विभिन्न पहलुओ पर विश्लेषण किया जाये। उन्होंने हरिद्वार जनपद में बढ़ रहे जहर खाने के प्रकरणों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इस दिशा में स्टडी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान हरिद्वार में लगभग 600 करोड़ की बिजली चौरी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिये विद्युत वितरण लोस को कम से कम किया जाये तथा बिजली का बिल सटीक व समय से आये तथा मीटर रीडिंग लेने में किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बिजली चोर मोज न करें और सही लोगो पर बोझ न पड़े। उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये की निर्माणाधीन योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाये तथा खोदी गई सड़कों को भी सही किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ठैकेदारों की मनमानी न चले तथ ठैकेदारों को अधिशासी अभियन्ताओ द्वारा चलाया जाये न कि अधिशासी अभियन्ता को ठैकेदार के इशारे पर चलना है। उन्होंने पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये शासनादेश के अनुरूप ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत काम किया जाये तथा किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी व्यक्ति प्रधान पद हेतु चुनाव लड़े हैं, उन सभी से समन्वय स्थापित करते हुए सर्वेयर द्वारा पीएम आवास योजना का सर्वे पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर भजन आदि सुनने के लिए साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बायोगैस संयत्र स्थापित करने हेतु चिन्हित गांव के लोगो के साथ बैठक करने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में गैस एवं खाद वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने समाजा कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कुष्ठ रोगियों को दिव्यांग मानते हुए शासनादेश जारी किया गया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में विधायकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दे रखते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, विधायक मदन कौशिक, काजी निजामुद्दीन, फुरकान अहमद, आदेश चौहान, अनुपमा रावत, ममता राकेश, वीरेन्द्र जाती, मेयर किरन जैसल, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन ने राजघाट पर की गंगा आरती की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन द्वारा राजघाट पर भव्य गंगा आरती की शुरूआत की गयी है। प्रतिदिन होने वाली आरती में बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं। अखाड़े की और आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। श्रद्धालु भक्तों को पर्यावरण और गंगा संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अखाड़े के मुखिया महंत रामनौमी दास महाराज ने कहा कि असंतुलित हो रहे पर्यावरण की वजह से समस्त मानव जगत को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मां गंगा जगत की पालनहार है। राजा सगर के 60 हजार पुत्रों की मुक्ति और मानव कल्याण के लिए स्वर्ग से पृथ्वी पर आयी गंगा मानवीय गलतियों के चलते प्रदूषित हो रही है। सभी की सहभागिता से ही पर्यावरण और गंगा को प्रदुषण से बचाया जा सकता है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज एवं कोठारी महंत राघवेंद्र दास महाराज ने कहा कि मां गंगा के दर्शन, गंगा जल के आचमन और गंगा जल में स्नान करने से सभी प्रकार के पापों और कष्टों से



मुक्ति मिलती है। ऐसे में सभी का दायित्व है कि मां गंगा को प्रदूषण से मुक्त करने में अपना सहयोग करें। दूसरों को भी गंगा को स्वच्छ, निर्मल, अविरल बनाने में सहयोग के लिए प्रेरित करें। महंत सुखदेव मुनि, महंत गोविंददास, महंत जयेंद्र मुनि, महंत प्रेमदास, महंत दामोदर शरण दास ने भी श्रद्धालु भक्तों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# भाजपा शिवालिक नगर मंडल की बैठक आयोजित

## नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा शिवालिक नगर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों के स्वागत और परिचयात्मक बैठक का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा के संयोजन में शिवालिक नगर में किया गया। बैठक की शुरुआत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों का फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम नए पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह टीम पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेगी और पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक लाभ दिलाने का कार्य करेगी। मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को



पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना होगा। हम सब मिलकर शिवालिक नगर में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सबको साथ लेकर कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर शिवालिक नगर के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन संयुक्त रूप से मंडल महामंत्री पंकज चौहान व अंशुल शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष श्वेता सिंह व गौरव कपिल, मंडल महामंत्री पंकज चौहान व अंशुल शर्मा, मंडल मंत्री शीला देवी, ईशा शर्मा, तिलक कुमार वशिष्ठ सहित वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष निशा मलिक, अंशिका मिश्रा व गौरव रौतेला, कार्यालय मंत्री भानु प्रताप सिंह, मीडिया संयोजक गौरव गुजर, मंडल आई.टी. संयोजक प्रणय चौरसिया, सोशल मीडिया प्रभारी संचित डागर, कार्यकारिणी सदस्य लज्जेराम शर्मा, चारू शुक्ला, राकेश राणा, नीतू चौधरी, रिंकु कृष्णा, बबलू गौंड, शौभन दत्ता, रिचा शर्मा, रीना नेगी, संदीप मैठाणी, अनीता वर्मा, राजेश बालियान, रवि वर्मा, सुरेंद्र करणवाल, पूर्व सभासद अजय मलिक, मनीषा त्यागी, विशाल सिंह, रामनिवास गुजर, मुकेश रावत, बीना कोटनाला, पुष्पा पाल, डा.कमल, ममता नौटियाल, अंकित मिश्रा, रविन्द्र उनियाल, ऋषभ शर्मा, अश्वनी शर्मा, गौतम पाल, विनित गर्ग, महेंद्र शर्मा, अरविंद, पुष्पेन्द्र गुप्ता, प्रमोद डोभाल, दिनेश चौहान, हरिकेश चौहान, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र चौहान व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने गुरुवार देर शाम को बुक्कनपुर में छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विक्रम सिंह पुत्र स्वर्गीय मान सिंह बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के कर्म में एक आरोपी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी आधार हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड शाखा हरिद्वार के उपभोक्ता श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री प्रमोद कुमार ने एक सम्पत्ति भूखण्ड, जिसका कुल क्षेत्रफल 2937.55 वर्गफुट अर्थात 273 वर्गमीटर खसरा नम्बर 369म है, जो स्थित ग्राम गढ परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में है, को मौ0 आजम खान पुत्र श्री जुल्फकार खान से क्रय करने के लिये बंधक करके ऋण प्राप्त करना चाहता है। यह कि उक्त भूमि की उद्वरण खतौनी जिसका खाता संख्या 98 खसरा नम्बर 369म है जो ग्राम गढ परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में स्थित है। जिसमें मौ0 आजम खान पुत्र श्री जुल्फकार खान व अन्य सह-खातेदार हैं मौ0 आजम खान पुत्र श्री जुल्फकार खान ने अपने हिस्से मे से एक भूखण्ड क्षेत्रफल 2937.55 वर्गफुट अर्थात 273 वर्गमीटर मेरे व्यवहारी के उपभोक्ता श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री प्रमोद कुमार को विक्रय कर रहा है। और मेरे व्यवहारी के द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति क्रय करने के लिये उक्त सम्पत्ति पर श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री प्रमोद कुमार के पक्ष में ऋण देना तय किया है। यदि किसी बैंक, सह-खातेदारों या अन्य किसी व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो मुझे नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 (सात) दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा और आधार हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित ऋण वितरित कर दिया जायेगा। कुलदीप कुमार एडवोकेट, शाप नम्बर 46 प्रथम तल जिला पंचायत बिल्डिग नियर तहसील ज्वालापुर हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार। मोबा0नं0 9259564867

# गढ़ी संघीपुर में भाकियू संग्राम का किसान सद्भावना सम्मेलन सम्पन्न

## मुस्लिम समाज को अपने भविष्य को लेकर होना चाहिए चिंतित : चन्द्र शेखर आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन संग्राम ने ग्राम गढ़ी संघीपुर मे किसान सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में किसानों ने भाग लिया। सद्भावना सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मौलाना तोकीर रजा खान ने कहा कि हमें अपने मुल्क से मसलकों को मिटकर भाईचारा कायम करना है नफरतों को भगाना है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 बेकूसर लोग मारे गये। हमारा सरकार से यह सवाल है कि आतंकी पहलगाम में कैसे आए और 26 मासूमों को मारकर कैसे वापस चले गये। हिंदुस्तान सोने की चिड़िया था जिस औरंगजेब से इन्हें नफरत है उन्होंने हिन्दुओ की आस्था का केंद्र कैलाश मान सरोवर को चाइना से छीन कर हिन्दुओ के हवाले किया था। चाइना अरुणाचल के इतना अंदर घुस आया है कि 27 जगहों के नाम बदल डाले लेकिन



उनको ये नजर नही रहा है कि उन्हें सिर्फ एक ही काम आ रहा है कि हिन्दू मुस्लिम करते रहो, बिहार जीतलो, बंगाल जीतलो देश बेच लो किसी तरह वक्फ पर कब्जा करलो। अगर सुप्रीम कोर्ट से इंसाफ नही मिलता है तो हमारी जायदादों पर कब्जा करेंगे और बेचने का काम करेंगे।

नगीना सांसद चन्द्र शेखर आजाद ने कहा कि देश मे जब भी किसी के साथ कोई अन्याय हुआ है न हमने जाती देखी, न धर्म देखी हमने पीड़ित लोगों का साथ देने का काम किया है और मुस्लिम समाज अपने वर्तमान व भविष्य को लेकर चिंतित नही ये बड़ा सवाल है जम्हूरियत में जिसका वोट होता है सरकार उनकी होती है उनका राज होता है आज सरकारी ऐसी हो गई है की सरकार हम पर जुल्म कर रही है। उत्तराखंड में सबसे पहले दुकानों पर नाम लिखे जाएंगे यह तहरीक चली तहरीक तो पहले भी चली देश में रेशमी रुमाल तहरीक चली जिसमें जंग आजादी में अपने हौसले व हुनर से कुर्बानियों से बहुत बड़ा इतिहास लिखा यहां पहाड़ की खूबसूरती में नफरती बीज और जाति धर्म के आधार पर लोगो को मारा पीटा जा रहा है किसी बच्ची को नुकसान पहुँचा देते है। यहां उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविलकोड बनाया उसमे किसी को छोड़ दिया किसी को रख लिया ताकि अपने वोटरों को संदेश दे सके। भाजपा पार्टी के एजेंडे अच्छे है उससे मुसलमानों को नुकसान होगा ये सरकार सिर्फ मुस्लिम विरोधी ही नही ये पिछड़ा वर्ग आदिवासी दलित समाज की भी मुखालिफ सरकार है जब तक हम इनको उखाड़ नही फेकते तब तक मैन सम्मान का जीवन प्राप्त नही कर सकते। सम्मेलन में फाउंडेशन के अध्यक्ष मो. कैफ, भारतीय किसान यूनियन संग्राम के संरक्षक फखरे आलम, राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली, राष्ट्रीय सचिव उत्तराखंड प्रभारी डॉ नौमान रजा, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष मो. वसीम, मेहरबान अली, रिजवान अली, देहरादून से नईम कुरैशी, अक्की कुरेशी, शहर काजी, राव अखलाक, शायर अफजल मंगलोरी आदि लोग मौजूद रहे।

# 8.14 ग्राम स्मैक व नकदी के साथ महिला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक महिला को 8.14 ग्राम स्मैक और 1100 रुपये नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महिला के साथी की तलाश की जा रही है।

शुक्रवार को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस टीम ने पथरी रेलवे स्टेशन के नजदीक चौकिंग के दौरान पैदल जा रही महिला पर शक होने पर उसकी चेकिंग की। महिला के पास से 8.14 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और नगदी मिली। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना नाम दिलशाना पत्नी मोमिन निवासी मच्छी मोहल्ला रुड़की बताया। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। जहाँ से उसे जेल भेजा गया। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।

# फर्जी मोहर व हस्ताक्षर से सरकारी धन का दुरुपयोग, पूर्व प्रधान ने जांच की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड कालसी की ग्राम पंचायत हयोऊ टगरी में फर्जी मोहर और फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामसभा की निवर्तमान प्रधान एवं वर्तमान प्रशासक बबीता देवी ने थाना चकराता में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान बबीता देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत के नाम पर विकासखंड कार्यालय में जमा दो फाइलें मिलीं, जिनमें उनके फर्जी हस्ताक्षर और नकली मोहर का



उपयोग किया गया था। जब इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की गई, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया और कहा कि फाइलें किसने टेबल पर रखीं, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया है कि पंचायत में किसी भी विकास कार्य को शुरू करने से पूर्व नियमानुसार खुली बैठक कर प्रस्ताव लिए जाते हैं, जिन्हें विभागीय स्वीकृति के उपरांत क्रियान्वित किया जाता है। परंतु इन नियमों की अनदेखी कर कुछ अज्ञात लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से दस्तावेजों की फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का गलत इस्तेमाल किया है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में वे पहले ही खंड विकास अधिकारी कालसी एवं जिलाधिकारी देहरादून को लिखित शिकायत दे चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। इतना ही नहीं, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जब पंचायत कार्यों से जुड़ी जानकारी मांगी गई, तो कर्मचारियों द्वारा अधूरी और भ्रमित करने वाली जानकारी देकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। बबीता देवी ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि कहीं विकासखंड के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से ही सरकारी धन का गबन तो नहीं किया गया है। चकराता थाने में मुकदमा लिखवाने के लिए शिकायती पत्र दिया जिसमे ग्राम पंचायत के लोग स्वरूप सिंह स्याणा प्रधान बबीता देवी, गुड्डू दास, संजय चौहान, राहुल चौहान, अंकित चौहान, डोडू दास, धूमि दास, मनोज दास, अमर सिंह, संजय चौहान ( उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा )अनिल चौहान आदि लोग मौजूद थे।थाना अध्यक्ष चकराता चंद्रशेखर नौटियाल ने दूरभाष पर बताया जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिल रही मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धाम के नेतृत्व में चार धाम यात्रा मार्ग और धामों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बदरीनाथ धाम में भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को बदरीनाथ धाम में सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सेंटर और एसीएलएस (एडवांस क्रिटिकल लाइफ सर्पोट) एम्बुलेंस का अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने उद्घाटन किया।

बदरीनाथ धाम में अपर जिलाधिकारी ने रिबन काटकर सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से चारों



धामों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहरत उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य के चिकित्सालयों को संसाधन संपन्न किया जा रहा है। ऐसे में सिग्स सिग्मा की ओर से बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थापित मेडिकल सेंटर तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सहयोग प्रदान करेगा।

सिक्स सिग्मा की डॉ सपना ने बताया कि बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मंशा से मेडिकल सेंटर स्थापित किए गए हैं। योजना के अनुसार धाम के प्रथम गांव माणा गांव, बदरीनाथ मंदिर परिसर और यूथ हॉस्टल में मेडिकल टीम तैनात की गई हैं। इसके साथ ही धाम में एसीएलएस एम्बुलेंस को तैनात किया गया है। जिससे धाम तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। सिक्स सिग्मा के एडिशनल डायरेक्टर डॉ भारत शर्मा ने कहा कि बदरीनाथ धाम में सिक्स सिग्मा की ओर से मानवीय संवदेन और राष्ट्र सेवा के उद्देश्य के साथ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है।

## त्यूणी के शरणापानी में दो वाहन आपस में टकराए

**चकराता।** त्यूणी के शरणाडपानी के पास दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों वाहनों में कुल सात लोग सवार थे। जिन्हें हल्की चोंटें आई हुई है। थाना पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों में मौके पर ही समझौता हो गया। किसी ने तहरीर नहीं दी है। थानाध्यक्ष त्यूणी विनय मित्तल ने बताया कि शुक्रवार को एक कारण त्यूणी से आराकोर्ट की ओर जा रही थी। जिसमें दो लोग सवार थे। वहीं एचआर नंबर की एक कार आराकोट से त्यूणी की तरफ आ रही थी। जिसमें पांच लोग सवार थे। शरणाडपानी त्यूणी के पास दोनों वाहनों में आपस में आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों में सवार लोगों को हल्की चोंटे आई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों में मौके पर ही समझौता हो गया।

## भारतीय सेना का हौसला बढ़ाने को भाजपा ने निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** बाजार सहिया में आज तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने भी प्रतिभाग लिया। तिरंगा शौर्य यात्रा कृषि मंडी परिसर से मुख्य बाजार होते हुए मंडी स्थल पर पंहुची।

पुलवामा में आंतकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों को मारने के पीछे पाकिस्तान का नापाक चेहरा सामने आने पर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में छुपे आतंकियो के 9 ठिकानो को तबाह कर कई आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना के पराक्रम के लिए आज साहिया में भारतीय सैनाओ का होसला बढ़ाने के लिए तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा कृषि मडी परिसर से मुख्य बाजार होते हुए मंडी परिसर पंहुची। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रति.



निधियों, व्यापार मंडल साहिया के साथ साथ क्षेत्र का जनमानस व राजकीय इंटर कालेज साहिया, एलडी मैमोरियल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, नालानंदा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भी तिरंगा शौर्य यात्रा में प्रतिभाग किया। इस मौके पर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी जमकर लगाए गए। तिरंगा शौर्य यात्रा से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय सैनाओ द्वारा दिखाएं गये साहसिक कार्य की सभी जन मानस ने जमकर तारिफ की। इस तिरंगा शौर्य यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शरण नोटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष देहरादून मीता सिंह, पूर्व दर्जा धारी मंत्री मूरत राम शर्मा, प्रताप सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रवीन चौहान, प्रदीप वर्मा, कमलेश भट्ट, रितेश असवाल, संजय तोमर, विनोद कुमार भसीन, कुन्दन सिंह चौहान, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राशन का भाड़ा व लाभांश न मिलने पर राशन विक्रेताओं में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** कोरोना काल के सात माह के लाभांश व भाडा भुगतान न मिलने पर जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के राशन विक्रेताओं ने शुक्रवार को चकराता विधायक प्रीतम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 2021-22 एक वर्ष का भाडा व लाभांश नहीं मिलने व वर्ष 2024 के अप्रैल माह से अगस्त तक 5 माह भाडा व लाभांश नहीं मिलने की बात की गई। इस संबंध कुछ दिन पूर्व सस्ता गल्ला एसोसिएशन ने एसडीएम कालसी को भी ज्ञापन सौंपा था।

राशन विक्रेताओं का कहना है कि जब तक हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक जौनसार बावर जनजाति सरकारी सस्ता गल्ला एसोसिएशन के राशन विक्रेता गोदामों से राशन नहीं उठाएंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र रावत, धूम सिंह चौहान, महिपाल सिंह, तोमर, भागीराम चौहान, अमर सिंह नेगी, राम सिंह, गीता सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### हनुमद धाम में एक सुंदर पार्क का कराया जाएगा निर्माण: पालिकाध्यक्ष

**विकासनगर।** हनुमद धाम सेवा समिति विकासनगर द्वारा हंस फाउंडेशन वह आशा हॉस्पिटल विकासनगर के सौजन्य से आंख, नाक, कान, गला और जनरल सर्जरी का निशुल्क चेकअप किया गया जिसमें आशा हॉस्पिटल हरबर्टपुर वह हंस फाऊंडेशन उत्तराखंड द्वारा शुगर बीपी वह दवाइयां निशुल्क वितरित की गई।कैंप का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा जहां तक भी प्रयास होगा वह हनुमान धाम के माध्यम से हर कार्य के लिए आधी रात को भी खड़े रहेंगे और सीकरी हनुमद धाम में एक सुंदर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। हनुमान धाम के महंत विष्णु महावर ने अतिथि डॉ. शैलेंद्र तिवारी, नगर पालिका के अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, सभासद भारत कालरा, सुमन कसाव आदि को शाल उड़ाकर सम्मानित किया और अपेक्षा की कि उनका सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु महावर व संचालन विकास शर्मा ने किया। कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ लोगों का निशुल्क बीपी शुगर दवाई चश्मा आदि वितरित किए गए लगभग 30 लोगों का आंख का ऑपरेशन करने के लिए उन फाउंडेशन द्वारा उन्हें चयनित किया गया।

### पांनुवा गांव के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**साहिया।** पानुवां गाँव से शादी बारात में जा रहे पानुवां निवासी एक युवक मोटरसाइकिल से सुबह करीब साढ़े दस बजे पानुवां गाँव से साहिया की ओर आ रहा था। गांव से थोड़ी ही दूर अचानक बाईक स्लीप हो गई। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। वहीं बारात में जा रहे ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को देख उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया पहुँचाया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर उमंग नौटियाल ने घायल युवक निखिल राठौर पुत्र बारु सिंह राठौर निवासी पानुवां को प्राथमिक उपचार देकर हाईर सेंटर रेफर किया। डॉक्टर उमंग नौटियाल ने कहा कि घायल व्यक्ति को गंभीर चोटे आई है उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### आज होगा मचकंडी में जनता मिलन कार्यक्रम

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत मचकंडी में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आज ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर गांव का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि मचकंडी गांव में आज प्रात: 11 बजे से ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। लघु सिंचाई खंड अधिशासी अभियंता मोहन लाल आर्य ने बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 27 मई को प्रात: 11 बजे से सुमेरपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से संबंधित अद्यतन सूचनाओं सहित अधीनस्थ कार्मिक को उक्त आयोजित कार्यक्रम/बैठक में समय उपस्थित होने की अपील की।

### रांसी में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन,ग्रामीणों ने लिया योग अपनाने का संकल्प

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड ऊखीमठ के अन्तर्गत ग्राम रांसी स्थित प्राचीन राक.`श्वरी मंदिर परिसर में आयुष एवं आयुर्वेदिक शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन न केवल योग के शारीरिक मानसिक लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हुआ, बल्कि इसका मुख्य ध्येय प्रकृति की गोद में योग के अनुभव को जागरूकता व आध्यात्मिक शांति के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. सुनित कुमार की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। साथ ही उनके मार्गदर्शन में योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। ग्रामीणों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल शरीर को स्फूर्तिदायक ऊर्जा देने वाला था बल्कि मानसिक शांति और सामूहिक एकांत का प्रतीक भी बना। ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसे आयोजनों की मांग करते हुए आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया। हरित योग के माध्यम से ग्राम रांसी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल की है।

### सिक्स सिग्मा राज्य के इन उच्च हिमालयी क्षेत्रो में दे रहा स्वास्थ्य सेवाएं

सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर की ओर से राज्य के विभिन्न उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। सिक्स सिग्मा क मेडिकल डायरेक्टर डॉ अनिता भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष केदारनाथ, बद्रीनाथ, रुद्रनाथ, तुंगनाथ, मध्यमहेश्वर व आदि कैलाश जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रो में वर्ष 2013 से तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## पुलिस, नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर ।** विकासनगर चौकी बाजार पुलिस और नगर पालिका की टीम ने संयुक्त रूप से बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस एक्ट में दस और नो पार्किंग में खड़े दस वाहनों के चालान किए गए। साथ ही आढ़े तिरछे खड़े रेहड़ी ठेलियों और अस्थाई ढांचों को हटाया गया।

शुक्रवार को एक बार फिर पुलिस और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों पर अनियमित रूप से खड़ी रेहड़ियों, ठेलियों तथा अन्य अस्थाई ढांचों को हटाया गया। साथ ही कई स्थानों पर गलत ढंग से खड़े किए गए वाहनों का भी चालान किया गया। चौकी



प्रभारी बाजार संदीप कुमार ने बताया कि यातायात बाधित करने वाले व्यापारियों एवं वाहन स्वामियों को चेतावनी दी गई। बताया कि अभियान का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखना, राहगीरों की सुविधा सुनिश्चित करना एवं अतिक्रमण पर नियंत्रण स्थापित करना था। आगे भी इस प्रकार की कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।

## कोटी आया व्यक्ति पांच दिन से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालसी।** अपने घर गुप्तकाशी से कोटी आया व्यक्ति पांच दिन से लापता है। लापता व्यक्ति के भाई ने कालसी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। पुलिस गुमशुदा की तलाश कर रही है। कालसी पुलिस ने बताया कि नरेश कुमार पुत्र खेसे राम निवासी ग्राम सिमोग तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई दिलेराम 19 मई को गुप्तकाशी से ग्राम कोटी आया था। जिसे स्थानीय लोगों ने कोटी में देखा था। लेकिन उसके बाद वह न तो घर पहुंचा और न कहीं दिखाई दिया। उपनिरीक्षक नीरज कटैत ने बताया कि शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई है। लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

## सेपियंस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आपदा से निपटने के सीखे गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विक.ासनगर तथा सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए 'एनडीआरएफ, एसडीआरएफ' की तरफ से एक आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें विद्यार्थियों को आपात कालीन स्थिति तथा आपदाग्रस्त समस्याओं ( आग. जनी, बाढ़, भूकंप, साइक्लोन) के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला एनड आरएफ के सीनियर पंकज तथा एसडीआरएफ के सीनियर सुरेश तोमर ने अपनी टीम (पंकज बिष्ट, मनीष रमोना, हरदेव



सिंह, सुभाष, कमला, राहुल पांडे, मातवर सिंह, सूर्य प्रकाश, देवेन्द्र सिंह, विरेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह) ने बच्चों के मन में पैदा होने वाले संशय को दूर किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कई प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करना था जिससे वह भविष्य में आने वाली आपदाओं के निपटारे हेतु पूर्णतया सक्षम हो सकें।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा हरबर्टपुर प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, उप प्रधानाचार्या गीती नेगी ने समस्त सेपियंस स्कूल की तरफ से पूरी टीम का आभार प्रकट किया।

## आधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगा परीक्षा भवन: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कॉलेज परिसर में 5.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतीक्षित परीक्षा भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा कि यह परीक्षा भवन आधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगा, जिससे परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू कर समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। महाविद्यालय में चाहरदीवारी और केदारनाथ आपदा में क्षतिग्रस्त छात्रावास का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक आशा नौटियाल और विधायक भरत चौधरी ने इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजना के लिए सरकार का आभार जताया और कहा कि यह भवन छात्रों को एक बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराएगा। प्राचार्य प्रो केसी दुधपुड़ी ने बताया कि बीते वर्षों में कॉलेज में छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में यह परीक्षा भवन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, महाविद्यालय के प्राचार्य केसी दुदपुड़ी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## पुलिस ने मसूरी में कई जगह चलाया सत्यापन अभियान,वसूले एक लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसूरी।** कोतवाली मसूरी पुलिस चौकी द्वारा चौकी लण्डौर क्षेत्र के बूचड़ खाना व अंडाखेत आदि स्थानों में सत्यसपन अभियान चलाया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा जारी आदेश के अनुसार मसूरी में बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध व्यक्तियो के विरूध चलाये जा रहें। सत्यापन अभियान के अंतर्गत क्षेत्र अधिकारी मसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मसूरी कोतवाली के द्वारा टीम बनाकर लण्डौर के क्षेत्र बूचड़खाना व अंडाखेत आदि स्थनो में सघन सत्यापन अभियान चलाया गया उक्त अभियान के अंर्तगत लगभग 80 भवनो की जांच की गयी जिसमें सत्यापन न कराने वाले 10



भवन स्वामियों, (1) मोहम्मद यूसुफ पुत्र उमरदीन,(2) मोहम्मद सलीम पुत्र नसीम अहमद,(3) कुन्तेश पुत्र विजयपाल, (4) तफीस मोहम्मद पुत्र अमीर हसन,(5) राकेश पुत्र मंगल सिंह,(6) सलीम पुत्र नफीस अहमद,(7) प्रवेज पुत्र मोहम्मद इकबाल,(8) जैनब पुत्र नफीस अहमद,(9) उस्मान पुत्र अली हसन,(10)नजाकत पुत्र कलवा, के विरूध पुलिस एक्ट 83 के अर्न्तगत चलान की कार्यवाही कर (100,000 रूपये एक लाख) वसूला गया और सभी भवन स्वामियों को हिदायत दी गयी कि अपने भवनो में रह रहें किरायेदारो का सत्यापन तुरंत करवायें व बाहर से आने वाले व्यक्तियो व संदिग्ध व्यक्तियो की सूचना तुरंत थानों में दें। तथा उक्त सत्यापन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया होटल व ढाबों का निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के प्रमुख पड़ावों सोनप्रयाग में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। प्रभारी अभिहीत अधिकारी खाद्य संस्था एवं औषधि प्रशासन, मनोज सेमवाल एवं यात्रा फूड सेफ्टी ऑफिसर सुश्री रचना लाल के नेतृत्व में टीम ने सोनप्रयाग क्षेत्र के होटलों, ढाबों और खाद्य विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की बारीकी से जांच की।निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वच्छता मानकों, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और भंडारण की स्थिति का जायजा लिया गया। कई जगहों पर खाद्य सामग्री की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। विशेष रूप से लूज मसालों और बेसन के सैंपल गुणवत्ता के मानकों पर संदेहास्पद पाए गए।

## शिक्षा की बेहतरी को लेकर धरातल पर हो रहा कार्य: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की बेहतरी को लेकर धरातल पर कार्य कर रही है। जिले में आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण हो चुका है, जिससे छात्रों को आगे बढ़ने में काफी मदद मिलेगी।

अटल उत्कृष्ट राइंका रुद्रप्रयाग में जिले के प्रथम आधुनिक पुस्तकालय का लोकार्पण करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि पुस्तकालय में एक लाख पुस्तकों को रखने की क्षमता निर्धारित की गई है। इस पुस्तकालय से छात्र-छात्राओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारिया करने वाले विद्यार्थी विशेष लाभ मिलेगा। इस सुविधा से न केवल पठन-पाठन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इस दौरान



आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने 42 टॉपर्स को प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सभी विद्यालयों को हाईटेक बनाना है। विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य सामग्री सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार की ओर से दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, आगामी 27 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में राज्य के सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे। डॉ रावत ने घोषणा की कि राज्य के सभी विद्यालयों में कक्षा 6-12 तक के वे छात्र-छात्राएं, जो 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे। उन्हें प्रोत्साहन राशि हर माह दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उनकी माताओं को भी एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य शिक्षा के प्रति बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता व उत्साह बढ़ाना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डि़याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह बिष्ट, उप शिक्षा अधिकारी तनुजा देवरानी सहित अन्य मौजूद थे।

### धामी के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव: बिष्ट

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर विकास की नई इबारत लिख रहा है। राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में बदलाव के सकारात्मक संकेत अब धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण जनपद में देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग में अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में जनपद में एक आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की घोषणा की थी। शिक्षा विभाग ने रिकॉर्ड समय में इस परियोजना को मूर्तरूप देते हुए विद्यार्थियों को एक उच्च स्तरीय अध्ययन केंद्र प्रदान किया है। इस पुस्तकालय में एक लाख से अधिक पुस्तकों को रखन गई है।

## अनाथ बच्चों की देखभाल को दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बेसहारा अनाथ बच्चे की उचित देखभाल को लेकर अनाथ, परित्यक्त तथा निराश्रित बच्चों के लिए राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ हो गया है। विकास भवन में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ किया। निराश्रित बच्चों के लिए गठित जिला निरीक्षण समिति ने संस्थान का निरीक्षण भी किया गया।

समिति ने बताया कि अनाथ व निराश्रित बच्चों की जानकारी मिलने पर उनके आश्रय के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण के प्रबंधक मोबाइल नंबर 7060235048 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

संपर्क करते ही निराश्रित बच्चों को राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण आश्रय प्रदान कर उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद दिए जाने की व्यवस्था भी की जाएगी। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. दीपाली नौटियाल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से कल्पना बिष्ट, बाल कल्याण समिति के सदस्य दलबीर सिंह रावत, पूजा त्रिवेदी, गीता मलासी, ममता शैली, संरक्षण अधिकारी रोशनी रावत, समन्वय चाइल्ड हेल्पलाइन अरविंद सिंह सहित राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण के समस्त कर्मचारी व विशिष्ट दत्तक ग्रहण के प्रबंधक पुनीत चौकियाल सहित अन्य मौजूद थे।

## राइंका तिलक नगर में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में विकासखंड जखोली के अंतर्गत राइंका तिलकनगर में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को डेंगू रोग रोकथाम, नियंत्रण व बचाव को लेकर जागरूक कर तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई।राइंका तिलकनगर में आयोजित किशोर स्वास्थ्य दिवस मे 120 किशोर-किशोरियों की बीएमआई स्क्रीनिंग व पोषण सुधार को लेकर काउंसलिंग की गई। काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल ने पोषण सुधार को लेकर किशोर-किशोरियों को खानपान से संबंधित जरूरी व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। दृष्टिमितिज्ञ राजेश पुरोहित ने 87 छात्र छात्राओं के नेत्रों की जांच की, जिसमें से सात बच्चों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय संदर्भित किया गया।

# 24 घंटे के भीतर खोले जाएं हल्द्वानी व देहरादून के स्टेडियम

## हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड में हुई करोड़ों की अनियमितता पर अपनाया कड़ा रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड में हुई करोड़ों रूपये की अनियमत्ताओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राक.श थपलियाल की एकलपीठ ने सचिव खेल से कहा है कि 24 घण्टे के भीतर हल्द्वानी व देहरादून के स्पोर्ट स्टेडियम को खोलें ताकि खिलाड़ियों को प्राईवेट स्टेडियम में न जाना पड़े। दोनों स्टेडियम सुबह 6 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक खुले रहने चाहिए ताकि स्पोर्ट पर्सन वहां पर अपनी



रेगुलर प्रैक्टिस कर सके। कोर्ट ने स्पोर्ट सचिव अमित सिन्हा से यह भी कहा कि आप राज्य सरकार के सामने यह भी समस्या रखें कि मैदानी क्षेत्रों के अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में भी छोटे छोटे बच्चों के शारीरिक विकास के लिए स्टेडियम बनाए। प्रदेश के कई प्रतिभावान खिलाड़ी साधन नही होने की वजह से वंचित हैं, जो साधन उपलब्ध है उन पर ताला लगा हुआ है इसलिए इसे तुरंत खोला जाय। कोर्ट ने स्पोर्ट एसोसिएशन से यह भी कहा है कि जो भी खेल आप करना चाहते हैं। उसकी लिस्ट सचिव खेल को दें। सचिव खेल उस पर निर्णय लेकर स्टेडियम को मुहैया कराएगा। स्टेडियम के कार्यकर्ता उसकी देखभाल में होने वाले खर्चे को वसूल करें, साथ में एसोसिएशन से यह भी अनुबंध करें कि जो नुकसान खेल के दौरान मैदान को होता है उसकी भरपाई खेल कराने वाली संस्था से वसूल करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि हर खेल का कोच मैदान में होना चाहिए। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान खेल सचिव अमित सिन्हा कोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट के सामने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश पर कल तक स्पोर्ट्स पर्सन के लिए दोनों स्टेडियम खोल दिये जाएंगे। ताकि उन्हें बाहरी स्टेडियमों का रुख न करना पड़े। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु जुलाई प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार देहरादून निवासी संजय रावत ने याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन में क्रिकेट कराने के लिए सरकारी धन करीब 12 करोड़ों का दुरुपयोग किया है। जो सुविधा खिलाड़ी को मिलनी चाहिए थी वह उसे नहीं मिली। एसोसिएशन ने खिलाडी के पेट केलों से भर दिया। केलों का जो बिल दिखाया गया 35 लाख का था। यही नही एसोसिएशन ने उनके खाने के नाम पर करोड़ों रूपये का घोटाला किया है जबकि उस हिसाब से खेल हुए ही नही। इसलिए इसकी जांच कराई जाय। अभी तक 12 करोड़ रुपये का दुरुपयोग एसोसिएशन के द्वारा किया गया है। उसकी ऑडिट रिपोर्ट आ चुकी है।

### चयन प्रक्रिया को 6 माह में पूरा कर लिया जाए

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की चयन प्रक्रिया आगामी 6 माह में पूरी करने के निर्देश राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) को दिये हैं। इस प्रकरण को देहरादून निवासी रविकांत गर्ग की ओर से चुनौती दी गयी है। साथ ही मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शंकर अग्रवाल की ओर से बताया गया कि प्रदेश उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष का पद लगभग एक साल से रिक्त चला आ रहा है। आयोग के न्यायिक सदस्य को अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। आगे कहा गया कि न्यायिक (ज्यूडिशियल) सदस्य का कार्यकाल भी आगामी 3 जुलाई 2025 वीरवार को खत्म हो जायेगा। इससे आयोग के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। यह भी कहा गया कि प्रावधान है कि आयोग फोरम में ज्यूडिशियल सदस्य का होना आवश्यक है। बिना ज्यूडिशियल सदस्यों के फोरम काम नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि यूकेएसएसएससी को अध्याचन भेजा गया है और आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों समेत कुल 24 पदों के लिये चयन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। अंत में अदालत ने सुनवाई के बाद यूकेएसएसएससी को निर्देश दिये कि वह आयोग के अध्यक्ष समेत सभी 24 पदों के लिये चयन प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के 21 मई 2025 के निर्णय के आलोक में 06 माह में प्रक्रिया पूरी करें।

### अवैध खनन पर रोक लगवाएं एसएसपी उधमसिंह नगर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर की बाजपुर तहसील के मनकी घाट गौ घाट में बिना किसी अनुमति के रात के अंधेरे में कई जगहों में हो रही अवैध खनन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने खनन अधिकारी उधमसिंह नगर व एसएसपी उधमसिंह नगर से तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाने के निर्देश जारी करने के साथ ही खनन में लिप्त वाहनों को जब्त करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 6 जून शुक्रवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार सुबेग सिंह व अन्य ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उधमसिंह नगर की बाजपुर तहसील में माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में आरक्षित वन क्षेत्र कोसी नदी में बिना किसी की अनुमति लिए रात में कोसी नदी में अवैध खनन किया जा रहा जब वन विभाग की टीम द्वारा इन्हें रोकने गई तो खनन माफियाओं ने उनपर भी हमला कर दिया। खनन माफियाओं के खिलाफ वन विभाग द्वारा थाना रामनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अगर कोसी नदी में अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो वर्षा काल के दौरान क्षेत्र से लगते हुए गांवों को खतरा उत्पन्न हों सकता है। उनकी फसल व खेत बह सकते हैं। इसलिए इसपर रोक लगाई जाय और अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाय। पूरा तराई का क्षेत्र अभी अवैध खनन करने वालो की जद में है, इस पर शीघ्र रोक लगाई जाए।

### कॉलेज प्रबंधक को नोटिस, जवाब तलब

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के पीरूमदारा में किसान इंटर कालेज में प्रबंधक के द्वारा व्यवसायिक दुकानें बनाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार सहित कालेज प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई जून दूसरे सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पिरूमदारा निवासी ओम प्रकाश सैनी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किसान इंटर कालेज का प्रबंधक के द्वारा स्कूल की भूमि पर व्यवसायिक निर्माण कार्य करके दुकानों को लीज पर दिया जा रहा है जबकि शिक्षा नियमावली के तहत शिक्षण संस्थानों में व्यवसायिक निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। स्कूल पूर्ण रूप से सरकारी फंड से चलता है। प्रबंधक के द्वारा इसके लिए कोई सरकार से अनुमति तक नही ली गई है। निर्माण कार्य होने के कारण वहां पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षण में व्यवधान उतपन्न हो रहा है। इसलिए इसपर रोक लगाई जाय और शिक्षण के दौरान छात्रों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### बाबा की मजार पर चढ़ाई गई चादर

**अल्मोड़ा।** कौमी एकता का प्रतीक रानीखेत का उर्स समारोह जारी रहा है। नगरवासियों की तरफ से गुरुवार देर शाम सामूहिक रूप से हजरत कालू सैयद बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई गई। बाबा की मजार पर मत्था टेकने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। गुलजार मंजिल में तकरीर के बाद गाजेबाजे के साथ चादर लाई गई, जिसे बाद में बाबा की मजार पर चढ़ाया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा सहित समस्त क्षेत्रीय जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खादिम मो. मोहसिन ने बताया कि चादर चढ़ाने के बाद देश-प्रदेश व रानीखेत में अमन-चैन, देश में खुशहाली व आपसी भाईचारे व सद्भावना की दुआ मांगी। कार्यक्रम में चिलियानौला नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, त्रिभुवन शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, निवर्तमान व्यापार मंडल महिला उपाध्यक्ष, नेहा माहरा, पार्वती रावत, कुलदीप कुमार, कमलेश बोरा, गोपाल सिंह देव, अजय कुमार बबली, हेमंत बिष्ट, चंदन बिष्ट, सोनू सिद्दकी, विनीत चौरसिया, हिमांशु नैनवाल आदि रहे।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर भेजे सुझाव

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल द्वारा अवगत कराया गया है कि केजीसीसीआई द्वारा 'एक देश-एक चुनाव' संयुक्त संसदीय समिति को पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित किए गए हैं। श्री बंसल द्वारा संयुक्त संसदीय समिति को दिए गए सुझावों में बार-बार चुनावों के कारण आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे सरकारी स्वीकृतियां, निर्माण कार्य और अन्य विकास परियोजनाएं बाधित होती हैं। एक साथ चुनाव होने से इन बाधाओं में कमी आएगी और परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी। बार-बार चुनावी खर्च और प्रशासनिक संसाधनों की बचत होगी। चुनावों की अनिश्चितता के कारण निवेशकों में असमंजस रहता है। एक साथ चुनाव होने से पांच वर्षों तक नीतिगत स्थिरता रहेगी, जिससे निवेश, विस्तार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी का ध्यान विकास कार्यों पर केंद्रित रहेगा, जिससे उद्योगों के साथ-साथ समाज के अन्य वर्गों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केजीसीसीआई का मानना है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के सफल क्रियान्वयन से उत्तराखण्ड सहित देशभर के उद्योगों को दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे, जिससे राज्य और देश की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा।

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**हल्द्वानी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस की और से शुक्रवार को एनसीसी कैंप रानीबाग में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक यातायात एवं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। यातायात निरीक्षक हल्द्वानी शिवराज सिंह बिष्ट ने कैंप में मौजूद 500 एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने, ओवर स्पीडिंग, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाने सहित विभिन्न बिन्दुओ पर कडेट्स को जागरूक किया। साथ ही कैडेट्स को ट्रैफिक जूनियर फोर्स और गुड सेमेरिटन स्कीम के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा उत्तराखंड ट्रैफिक आई ऐप तथा उत्तराखंड पुलिस ऐप के लाभों व उनके उपयोग की प्रक्रिया से भी अवगत कराया।

### आदि कैलाश यात्रियों के दल का स्वागत

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में आदि कैलाश यात्रा दल के द्वितीय दल के यात्रियों के पहुंचने पर आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों ने कहा कि उनके ओम पर्वत व आदि कैलाश के दर्शन बहुत बढिया तरीके हुए साथ ही उन्होंने गुंजी में यादों के जंगल में पौधारोपण किया।

### दस वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुण्डा थाना व कोतवाली काशीपुर पुलिस ने वांछित दस वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना कुण्डा पुलिस द्वारा न्यायालय जसपुर के आदेश के अनुपालन मे कुल 07 वारंटियों अरशद अली पुत्र अलीम, आरिफ पुत्र रहमान, सलमान पुत्र जफर अली, शाजिद अली पुत्र खुर्शीद, सैफी उर्फ सैफू पुत्र अब्दुल, तैय्यब अली पुत्र छुट्टन, सद्दाम हुसैन पुत्र जफर अली निवास. ीगण ग्राम सरबरखेड़ा थाना कुण्डा जनपद उधम सिंह नगर धारा 147/148/323/506 भादवि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व सुरेन्द्र सिंह, अ. उपनिरीक्षक राकेश सिंह बोहरा, कां. नरेश चौहान, गिरीश पाटनी, सुमित पंवार, धमेन्द्र भारती, हेमन्त कुमार, त्रिलोक सिंह व राजीव कुमार शामिल थे। उधर उधर कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर जमानतीय आदेशिकाओं के अनुपालन में तीन वारंटियों शाकिर उर्फ भोजपुरिया पुत्र अच्छन निवासी काली बस्ती अल्लीखां काशीपुर, अमन खान पुत्र नावेद खान निवासी मौहल्ला थानासाबिक काशीपुर तथा राजकुमार पुत्र हरि सिंह निवासी एस्कार्ट फार्म कुण्डेश्वरी काशीपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं: एसएसपी

- फर्जी दस्तावेजों से रह रहे लोगों पर पुलिस का शिकंजा
- सत्यापन अभियान में खुल रहे कई चौंकाने वाले मामले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नैनीताल जिले में चलाए जा रहे बृहद सत्यापन अभियान के तहत फर्जी दस्तावेजों और अवैध गतिविधियों



का खुला. सा तेजी से हो रहा है। अभियान के दौरान प[illegible] प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, फर्जी रजिस्ट्री जैसे संगीन मामलों की जानकारी सामने आने के बाद सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह बात एसएसपी पीएन मीणा ने प्रेस को जारी बयान में कहीं। एसएसपी बताया कि जिले की पुलिस प्रशासन ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। एक मामले में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि अन्य कई मामलों की गहन जांच प्रचलित है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही अन्य मामलों में भी मुकदमे दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी फर्जी दस्तावेजों या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कानूनी शि. कंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सत्यता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### पुलिस ने मल्लीताल में सत्यापन अभियान चालाया

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के बाद भी लोग सत्यापन नहीं करा रहे हैं। किराएदारों के सत्यापन मिलने पर पुलिस ने मल्लीताल में तीन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि नैनीताल में 12 वर्षीय किशोरी के साथ 72 वर्षीय व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म के मामले के बाद 30 अप्रैल को हुए बवाल हुआ था जिसके बाद पुलिस ने बृहद सत्यापन अभियान चला दिया है। लेकिन उसके बाद भी लोग पुलिस सत्यापन नहीं करा रहे हैं। शुक्रवार को भी पुलिस ने मल्लीताल में सत्यापन अभियान चालाया। जहां जांच कि दौरान दो मकान मालिकों ने अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया था। वहीं एक होटल में पर्यटक की आईडी नहीं ली थी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि बिना सत्यापन किराएदार रखने पर चीना कम्पाउंड निवासी भगवती मेहरा एजुबली हाल निवासी शबनम परवीन व होटल में बिना दस्तावेज पर्यटकों को ठहराने पर आंनद प्रकाश के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट में कार्रवाई की।

### कीटनाशक गटक लिया

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में हुए घरेलू विवाद के चलते 28 वर्षीय महिला के कीटनाशक गटक लिया। वर्तमान में उसका राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में महिला का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भवाली के समीपवर्ती गांव की रहने वाली महिला का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो महिला ने खेतों के लाया गया कीटनाशक गटक लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर पति व अन्य परिजन उसे 108 से भवाली अस्पताल ले आए जहां से डाक्टरों ने महिला को बीडी पांडे अस्पताल रेफर कर दिया। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद महिला का उपचार किया जा रहा है। अस्पताल में तैनात डा. देवांशु पुनेठा ने बताया कि महिला के पेट का जहर निकाल लिया है उन्हें चिकित्सकों के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

## गाड़ी खाई में गिरने से तीन लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-भवाली मार्ग में बीति देर रात्रि कैलाखान के समीप वाहन के खाई में गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस तथा दमकल और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर 108 से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का उपचार कर हल्द्वनी रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक वीरवार की रात्रि एक बजे बोलेरो संख्या यूके 06 एएन 5421 भवाली से नैनीताल को आ रही थी। कैलाखान के समीप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। राहगीरों की सूचना के बाद एएसआई सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस समेत दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे। टीम ने लगभग 100 मीटर गहरी खाई में उतरकर दो घंटे की मशक्कत के बाद वाहन में सवार चार लोगों को रेस्क्यू किया। इनमें मल्लीताल निवासी मनोजए आकाश व बेंगलूरू निवासी नितिन शामिल हैं। घायलों को 108 व पुलिस वाहन से राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल ले जाया गया। जहां उनकी प्राथमिक चिकित्सा की गई। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद आकाश और नितिन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है जबकि मनोज को उपचार के बाद छुटी दे दी गई है।

## जंगलों को आग से बचाने के लिए अभिनव पहल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जंगलों को आग से बचाने के लिए बागेश्वर रेंज ने अभिनव पहल शुरू की है। जंगलों को आग की चपेट में लेने वाले मुख्य पेड़ चीड़ के पत्तों को वन विभाग एकत्रित कर रहा है। इसके लिए रेंज में 50 ऐसे स्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां आग लगने की घटनाएं होती हैं। इसमें पिरुल सबसे अधिक कारगर साबित होता है। उसे हटाया जा रहा है। बागेश्वर में फायर सीजन शुरू हो गया है। जिले में आग की घटनाओं पर वन विभाग द्वारा काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा बागेश्वर रंजे में जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए जगहों को चिन्हित किया गया है। वन आरक्षी चंदन राम के नेतृत्व में फायर वाचरों द्वारा जंगलों में आग लगने की घटना को बढ़ावा देने वाले पिरुल को एकत्र किया जा रहा है। विभाग ने बताया कि उनके द्वारा पिछले वर्षों में सबसे अधिक आग लगने वाली स्पॉटों को चिन्हित किया गया है। बागेश्वर रेंज में 50 से अधिक स्पॉट हैं, जहां से सबसे अधिक आग घटनाएं सामने आई हैं। रोजाना वहां से पिरुल को एकत्र कर एक जगह इकठ्ठा किया जा रहा है, जिससे आग पर नियंत्रण पाया जा सके। साथ ही उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचता है। वह आग की घटनाओं को कम करने में वन विभाग को सहयोग करे और आग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। हालांकि इस वर्ष विभाग का साथ मौसम ने भी बखूबी दिया है।



## ।। कार्यालय नगरपालिका परिषद चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी।।

पत्रांक– 2914/निर्माण कार्य/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक 23 मई 2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चिन्यालीसौड़ जिला उत्तरकाशी में **अवस्थावना विकास निधि एवं राज्य वित आयोग** की संक्रमित धनराशि से निम्न निर्माण कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत ठेकेदारो से **दिनांक 16/06/2025 को समय 01:00 बजे अपराह्न** तक पालिका कार्यालय में मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन **समय 03:00 बजे अपरान्ह** नगर पालिका कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में बैंक सी0 डी0 आर0/एफ0 डी0आर0 तथा पोस्ट ऑफिस एन0एस0सी0/डाकघर बचत पासबुक जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ के पदनाम से बंधक हो जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रसीदी टिकट लगाकर बैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02/06/2025 से 13/06/2025 सांय 05:00 बजे** तक किसी भी कार्य दिवस में नगद मूल्य राशि जमा कर पालिका कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, तथा निविदा से सम्बन्धित शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है, किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | योजना का नाम | थ्नविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड नं 03 सुलिठांग बाजार में शौचालय निर्माण कार्य। | 11.81 लाख | 22000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 1000.00 + 18% GST | 03 माह |
| 02. | वार्ड नं 07 धरासू पुल के निकट आस्था पथ निर्माण कार्य। | 2.37 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 03. | वार्ड नं0 01 प्रदीप लाल(विकलांग) के घर के निकट रास्ता एवं रेलिंग निर्माण कार्य। | 1.82 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 04. | वार्ड नं 06 राष्ट्रीय राज मार्ग से धनपुर जाने वाले रास्ते में पीसीसी खडिन्जा एवं दीवार निर्माण कार्य। | 3.14 लाख | 7000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 05. | वार्ड नं 07 उमेद सिंह के मकान के आगे सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 2.03 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 06. | वार्ड नं0 02 चुपल्या श्यामपुर में मधु के छान से नहर डाट तक पी0सी0सी0 निर्माण खडंजा निर्माण कार्य। | 18.04 लाख | 36500.00 | अवस्थापना विकास निधि | रू0 2000.00 + 18% GST | 03 माह |
| 07. | वार्ड नं0 06 तहसील परिसर में इंटरलॉकिंग टाईल्स एवं गेट निर्माण कार्य। | 4.99 लाख | 10000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 08. | वार्ड नं 05 बाल्मिकी बस्ती में आदर्श कालोनी स्वागत गेट निर्माण कार्य। | 1.70 लाख | 3500.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 09. | वार्ड नं0 02 शिवाणी चाल से सुरेन्द्र चौहान के मकान तक पी0सी0सी0 खड़जा निर्माण कार्य। | 17.31 लाख | 35000.00 | अवस्थापना विकास निधि | रू0 2000.00 + 18% GST | 03 माह |
| 10. | वार्डनं 01 प्रमोद के मकान के आगे रास्ते की सुरक्षा दीवार कार्य। | 2.48 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 11. | वार्ड नं0 02 अषाडू के मकान से अरविन्द के मकान तक पी0सी0सी0 निर्माण खडंजा निर्माण कार्य। | 16.68 लाख | 33500.00 | अवस्थापना विकास निधि | रू0 2000.00 + 18% GST | 03 माह |
| 12. | वार्ड नं 01 गुरू बिष्ट के मकान के आगे सुरक्षा दीवार कार्य। | 2.48 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 13. | वार्ड नं 04 सोनू बिष्ट के मकान के सामने दीवार पीसीसी कार्य। | 2.46 लाख | 5000.00 | राज्य वित आयोग | रू0 500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 14. | वार्ड नं0 02 चुपल्या देवी मन्दिर के नीचे से शान्तिलाल के मकान तक पी0सी0सी0 खडंजा निर्माण कार्य। | 14.88 लाख | 30000.00 | अवस्थापना विकास निधि | रू0 1500.00 + 18% GST | 03 माह |
| 15. | वार्ड नं 07 बनचौरा रोड़ में शौचालय निर्माण कार्य। | 10.45 लाख | 20500.00 | राज्य वित आयोग | रू0 1000.00 + 18% GST | 03 माह |
| 16. | वार्ड नं0 02 चुपल्या श्यामपुर में सार्वजनिक रास्तो की सुरक्षा दीवार एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 18.50 लाख | 37000.00 | अवस्थापना विकास निधि | रू0 2000.00 + 18% GST | 03 माह |

(बिरेन्द्र सिंह पंवार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़।

(मनोज कोहली "श्याम")
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़।

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद् डोईवाला (देहरादून)

पत्रांक- 250/रा0वि0आ0/2025-26 दिनांक- 23 मई, 2025

**शुद्धि पत्र (Corrigendum)**

नगर पालिका परिषद् डोईवाला में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् डोईवाला द्वारा कार्यालय पत्र सं0-242/रा0वि0आ0/2025-26 दिनांक 22.05.2025 के क्रम में प्रकाशित निविदा सूचना के सम्बन्ध में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य रु. में | जी0एस0टी0 18% | योग | धरोहर राशि रु. | श्रेणी | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 26 | वार्ड सं 05 में बिजली जौली में मदन त्यागी के घर से प्रीमत गुंसाई के घर तक एवम पाल मोहल्ले में ललित पाल के घर से जयप्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सड़क का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11180 | I,II | 90 दिन |

(उत्तम सिंह नेगी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् डोईवाला।

(नरेन्द्र सिंह नेगी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् डोईवाला।


शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना



● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

**जयपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।



किदांबी श्रीकांत

# किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

■ भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

# खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

■ कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबढी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुढा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबढी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुढावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

# गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है



**मुंबई, वार्ता।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

खेल विशेष

## एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

# भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

■ पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से हेगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

## गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

# इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की



■ जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए

**नॉटिंघम, वार्ता।** जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंगलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।

# चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी



**बेंगलुरु, वार्ता।** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुक. ाबले खेले जाने हैं। आरसीबी शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को एलएसजी के साथ मैच खेलेगी।

आईपीएल 2025 हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे।

# रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर



● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-को. हली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा-श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

## गंगनहर पुलिस व एसओजी ने किया ई-रिक्शा चालक हत्याकांड का खुलासा

# कर्ज चुकाने को की थी हत्या, दो गिरफ्तार

**❖शराब पिलाई, फिर गला घोटा, 500 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मिला सुराग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के कुशल नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस ने एक और जघन्य हत्या की गुत्थी सुलझाकर न्याय की जीत का परचम लहराया है। कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या के अंधे मामले को पुलिस ने बारीकी से जांच करते हुए सुलझा लिया। ईमानदार जांच, सतर्कता और अथक प्रयासों के चलते पुलिस ने न केवल आरोपियों को गिरफ्तार किया बल्कि मृतक के परिजनों को भी न्याय दिलाया है।

इस सनसनीखेज मामले का खुलासा पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कोतवाली गंगनहर, रुड़की में प्रेस वार्ता के माध्यम से किया गया, जिसमें उन्होंने पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए केस के खुलासे में शामिल टीम की सराहना की। **घटना की शुरुआती जानकारी....**बीती 18 मई 2025 को ग्राम सुनहरा निवासी मिठवा पुत्र ईलम चंद ने कोतवाली गंगनहर में सूचना दी कि उनका 31 वर्षीय पुत्र मुन्ना, जो ई-रिक्शा चालक था, 16 मई से लापता है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोज अभियान चलाया और इसी दिन वादी को सूचना मिली कि मुन्ना का शव सालियर-मंगलौर हाईवे के किनारे बरामद हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक गंगनहर आर.के. सकलानी मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर सुयाल व क्षेत्राधिकारी रुड़की नरेन्द्र पंत ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका के चलते कोतवाली गंगनहर पर संबन्धित धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। **जांच में आधुनिक तकनीक और मानव संसाधन का समन्वय.....**एसपी देहात शेखर सुयाल व सीओ रुड़की नरेंद्र पंत के पर्यवेक्षण में तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान मृतक की अंतिम गतिविधियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने 500 से अधिक ब्ब्ज्ट



कैमरों की फुटेज खंगाली और कॉल डिटेल्स व मोबाइल डेटा का गहन विश्लेषण किया।जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक की ई-रिक्शा से दो बैटरियाँ गायब थीं और उसका मोबाइल फोन भी घटनास्थल से नहीं मिला। इससे यह संदेह और गहरा हो गया कि हत्या लूट के इरादे से की गई है। पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक गुरुरामराय इंटर कॉलेज के पास ई-रिक्शा बैटरियाँ बेचने की कोशिश कर रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को मौके से हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपी आशीष कुमार उर्फ सरदार पुत्र सतीश कुमार, निवासी सलेमपुर राजपूताना, रुड़की ख्र जिसके कब्जे से मृतक मुन्ना का ।ब्ा की पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ व विक्रांत उर्फ राहुल उर्फ रोल्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी सलेमपुर राजपूताना, रुड़की ख्र जिसके पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या की बात कबूल कर ली। आशीष कुमार ने जनलक्ष्मी फाइनेंस से लिए गए लोन की ̆7500 की किस्त चुकाने के लिए ई-रिक्शा की बैटरियाँ बेचने की योजना बनाई। इस साजिश के तहत उन्होंने मृतक मुन्ना को बुकिंग के बहाने ̆500 का लालच देकर सालियर-मंगलौर हाईवे पर सुनसान स्थान पर बुलाया। वहां शराब पिलाने के बाद, जब राहुल बैटरियाँ निकाल रहा था, मुन्ना ने विरोध किया। इस पर दोनों ने मिलकर मुन्ना की बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को निर्माणाधीन दीवार के पीछे काली तिरपाल से ढक दिया। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिक प्रभारी निरीक्षक आर.के. सकलानी, एसआई अजय शाह, एसआई अंकुर शर्मा (प्रभारी ब्ब् रूड़की, एसआई प्रवीण बिष्ट, एसआई नवीन कुमार, एसआई राजीव उनियाल, एसआई पंकज कुमार, एएसआई मनीष कवि, हेड कांस्टेबल इसरार, नूर हसन, कांस्टेबल नितिन, प्रभाकर थपलियाल, राकेश राणा, पवन नेगी, रणवीर सिंह, मनमोहन, अजय दत्त, अर्जुन सिंह, रूड़की से अजय काला, राहुल नेगी, महिपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## नशीले इंजेक्शन व कैप्सूल के साथ एक तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अवैध नशीले इंजेक्शन व नसिले कैप्सूल बरामद हुए हैं।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त करने के लिए अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ करवाई के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। बारीकी से चेकिंग के दौरान 22 मई 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से नशे के इंजेक्शन व नशे की गोलियां बरामद हुई। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अहसान पुत्र असलम निवासी ढाब मोहल्ला खारा कुआ सुलतानपुर कोतवाली लकसर हरिद्वार बताया। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल मोहन खोलिया कांस्टेबल राजेंद्र सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गये व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### मनरेगा में घोटाला उजागर 29 मेट हटाए

## कई विकास अधिकारियों पर लटकी जांच की तलवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुरे जिला हरिद्वार में मनरेगा में घोटाले का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है जिसमें लक्सर विकासखंड दूसरे अव्वल दर्जे में है। मनरेगा में कार्यरत 29 मेट तत्काल प्रभाव से हटाए गए हैं जबकि लक्सर विकासखंड के कई विकास अधिकारियों पर भी जांच बैठ गई है। मनरेगा कार्यों की जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है अब जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मनरेगा में हुए घोटाले का बड़ा खुलासा हो जाएगा। इस घोटाले में संबंधित कई अधिकारों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

एनएमएमएस ऐप फर्जी हाजिरी पुरानी तस्वीरों का दुरुपयोग मृत मजदूरों के नाम पर भुगतान निकालने का मामला भी सामने आ रहा है लक्सर विकासखंड में यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी हम मनरेगा में चल रहे घोटाले के मामले कई बार उठाते रहे हैं। कई बार जांच हुई और जांच के बाद संबंधित अधिकारी शामिल पाए गए और उनके ऊपर सख्त कार्रवाई हुई इस बार मामला पूरे जिले में है जिसकी जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। लक्सर खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने बताया कि लक्सर में मनरेगा में कार्यरत 29 मेट हटाए गए हैं। मामला बेहद संवेदनशील है मनरेगा के इस बड़े मामले की जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। सभी संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों को काम से हटा दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई कीजाएगी देखना यह होगा की इस महा घोटाले में किस तरह से जांच की जाएगी या इस बड़ी जांच को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। यह भी एक बहुत बड़ा सवाल है।

## तीन के खिलाफ पशु क्रूरता में मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ओर कलियर पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से भैस वंशीय पशु का क्रूरतापूर्ण कटान कर मांस बेचने पर तीन आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गो स्क्वायड टीम के एसआई शरद कुमार ओर कलियर पुलिस के एएसआई इमामुद्दीन कलियर में चौकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि पिरान कलियर में भैंस वंशीय पशु का कटान कर उसके मांस को बेचने के लिए दुकान पर लाया जा रहा हैं।सूचना पर टीम ने पिरान कलियर वार्ड एक में मांस की दुकान पर छापा मारकर दो अलग दुकानों पर से 220 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस और उपकरण बरामद किए हैं।आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपी मुन्ना ,दानिश ,अख्तर निवासी वार्ड एक पिरान कलियर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं।

## एसपी देहात व सीओ रुड़की ने किया कलियर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एसपी देहात शेखर चन्द्र शुयाल ओर सीओ नरेन्द्र सिंह पंत ने कलियर थाने का अर्धवार्षिक ओर त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरक की सफाई, मेस में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता परखने के साथ थाने में रायफलों की साफ सफाई, मालखाने में रखे माल के रख-रखाव के बारें में जानकारी की। उन्होंने अभिलेखों की जांच करने साथ अधीनस्थों को लंबित विवेचनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसपी देहात शेखर चन्द्र शुयाल ने बताया कि कलियर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया है। जिसमें महिलाओं से जुड़े अपराधों ओर बाहरी व्यक्तियों की नियमित जांच कर सत्यापन करने के निर्देश थाना



प्रभारी को दिए गए। वाहन चेकिंग ओर संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थों को कुशल पर्यवेक्षण ओर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि थाने में अधिकतर व्यवस्था दुरुस्त पाई गई हैं। इस दौरान सीओ नरेन्द्र सिंह पंत, थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, एसएसआई बबलू चौहान, ईमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान,एएसआई तरुण कुमार, इमामुद्दीन, हेड कॉन्स्टेबल कुंपाल सिंह तोमर, सोनू चौधरी,जमशेद अली, जितेंद्र सिंह, तेजपाल, नीरज राणा, सरिता राणा, सोफिया अंसारी अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध असामाजिक तत्व पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई 22 मई 2025 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सट्टे की खाईबाडी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अंकित पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी ग्राम बसेड़ी खादर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष बताया। उसके कब्जे से 2000 हजार रुपए नकद वह गत्ता पर्ची एक पेन बरामद हुआ है। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह महावीर सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## जियारत को आया किशोर गंगनहर में डूबकर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आया किशोर गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से किशोर की तलाश की।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर गंगनहर में जायरीनों के डूबने का सिलसिला जारी है। यूपी जिला रामपुर के खप्पारी निवासी शानिब (16)अपने रिश्तेदारों के साथ कलियर दरगाह साबिर में जियारत करने के लिए आया हुआ था।इस दौरान वह अपने रिश्तेदारों के साथ गंगनहर के स्नान करने के लिए चला गया। शानिब ओर उसका एक रिश्तेदार अलकैफ (10) दोनो एक साथ गंगनहर के घाट पर स्नान करने लगें तो अचानक शानिब का पैर फिसल गया ओर वह पानी के तेज बहाव में बहने लगा।शानिब को बचाने के लिए अलकैफ ने बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। वह भी पानी के तेज बहाव में बहने लगा। वहां पर मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचा दिया।शोर की आवाज सुनकर आसपास स्नान कर रहे लोगों ने उन्हें बचाने के लिए गंगनहर में छलांग लगा दी।लोगों ने अलकैफ को तो बचा लिया लेकिन शानिब गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से किशोर की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नही चल पाया। एसओ रविंद्र कुमार का कहना है कि गंगनहर में डूबकर लापता हुए किशोर की तलाश की जा रही है।

## गैस के टैंक में धमाका बाल-बाल बचा वेल्डर

**भगवानपुर।**कस्बे में वेल्डिंग की एक दुकान पर टैंकर में अचानक जोर का धमाका हो गया। दुकानदारों में भगदड़ मच गई। वेल्डर ने वहां से भागकर जान बचाई। भगवानपुर कस्बे के शाहपुर में एक ग्रामीण की वेल्डिंग की दुकान है। बृहस्पतिवार दोपहर अचानक गैस वेल्डिंग टैंक में जोर का धमाका हो गया। वेल्डर ने किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास की दुकानों में भी भगदड़ मच गई। लोगों ने कुछ देर बाद घटनास्थल की ओर पहुंचकर हादसे की जानकारी की। हादसे में कोई हताहत नहीं हो पाया।

## राम मूर्ति व इरशाद अंसारी बने मंगलौर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** भाजपा के स्थानीय मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। रुड़की जिले के प्रभारी दान सिंह रावत एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह की सहमति से 15 सदस्यीय टीम बनाई है। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति और पूर्व सभासद इरशाद अंसारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष और दो महा मंत्री नियुक्त किए गए हैं।



भारतीय जनता पार्टी जिला रुड़की मंडल मंगलौर की लिस्ट के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति, इरशाद अंसारी, आकाश त्यागी, और मीरा कपिल, को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद पर श्रीमती अतुल खत्री, श्रीमती अमरेश कश्यप, मुकेश भटनागर,और अमन पाल, को चुना गया है। राहुल सतवारिया को मीडिया संयोजक और अनूप कश्यप को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। निशांत शर्मा और नरेंद्र करणवाल को महामंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष रामकुमार और आई टी संयोजक हरीश भारद्वाज, आकाश गौतम को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। उपाध्यक्ष अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति ने कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करेगी। उपाध्यक्ष इरशाद अंसारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। वे संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

## सिविल अस्पताल की डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम में लगी आग, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की सिविल अस्पताल की डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम में बीती रात आग लग गई। गनीमत रही की समय रहते फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आग ज्यादा फैल नहीं पाई, लेकिन डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम का सामान जल गया। लाइट काटे जाने और धुआं भर जाने से अस्पताल की इमरजेंसी भी प्रभावित रही। आग के कारण अस्पताल में हड़कंप की स्थिति रही। सिविल अस्पताल रुड़की की इमरजेंसी के बराबर में ही डायलिसिस यूनिट बनी है। बीती रात डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम से अचानक धुआं निकलता नजर आया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. सरफराज ने इसकी जानकारी स्टाफ और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। आग से स्टोर में रखा सामान जल गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग बुझाने के लिए लाइट को काटना पड़ा। जिससे इमरजेंसी भी प्रभावित हुई। आग से डायलिसिस यूनिट की वायरिंग जल गई है। जिससे शुक्रवार को मरीजों की डायलिसिस नहीं हो पाई है। डायलिसिस के लिए आए मरीज को निराशा ही लौटना पड़ा। सिविल अस्पताल रुड़की के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि वायरिंग को ठीक कराया जा रहा है, जिसके बाद डायलिसिस यूनिट को संचालित कर दिया जाएगा।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बाइक सवार एक दंपती को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पति-पत्नी दोनों को अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति का उपचार अभी चल रहा है। कस्बा भगवानपुर में खानपुर चौराहे के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। दोनों बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को देखकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायल पति-पत्नी को अस्पताल लाया गया। वहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। महिला के पति का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम फुलबिंद्रा (26) निवासी रुहालकी दयालपुर है। महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

**आवश्यक सूचना**

**मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**फिरोज खान**

(संवाददाता मंगलौर)

**मो. नं०** 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए चार सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** चारधाम यात्रा को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग खाद्य और पेय पदार्थों पर विशेष नजर रखे हुए है। विभाग की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलौर, लंढौरा और झबरेड़ा आदि क्षेत्रों में शीतल पेय की जांच की। इस दौरान कोल्ड ड्रिंक्स के चार सैंपल भी लिए गए। उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह पाण्डेय की अगुवाई में मंगलौर, लंढौरा और झबरेड़ा में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों को जांचा गया। उनकी एक्सपाइरी डेट देखी गई। टीम ने इस दौरान अलग-अलग स्थानों से कोल्ड ड्रिंक्स के चार सैंपल लिए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पाण्डेय ने बताया कि सैंपल को जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा सीजन चल रहा है। इसे देखते हुए हाईवे के किनारे स्थित सभी ढाबे, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि खाने-पीने का सामान ताजा रखें। ब्रांडेड कंपनी का ही सामान इस्तेमाल करें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बासी खाना कतई भी किसी को न परोसे।

## ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी अंकुश (26) कुछ समय से परेशान था। बुधवार शाम को वह बाइक से रुड़की जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसने पाडली गेंदा गांव में बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और पर्स व मोबाइल भी बाइक के पास ही रख दिए। इसके बाद युवक अचानक ही दौड़कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और वह सामने से आ रही ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की जोरदार टक्कर से युवक के शरीर के टुकड़े ट्रैक पर बिखर गए। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मृतक का पंचनामा भरवाया।

## सिविल हॉस्पिटल प्लांट का कार्य समय पर न करने पर एई ने ठेकेदार को हड़काया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने सिविल हॉस्पिटल के एस टी पी प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने निर्माण सामग्री की जांच की और ठेकदार को समय से कार्य पूरा ना करने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बताया ठेकदार सात दिन में कार्य पूरा करेगा अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि जनपद में पहला सिविल हॉस्पिटल का ई टी पी प्लांट जल संस्थान गंगा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जिसे अपर निदेशक के कंसल द्वारा अपने विशेष प्रयासों से स्वीकृत कराया गया है शासन द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया था जिसका जल संस्थान ने टेंडर कर निर्माण



प्रारंभ करा दिया गया है जिसका निरीक्षण सहायक अभियंता जुनैद गौड़ द्वारा किया गया एवं नोडल अधिकारी सहायक अभियंता मुख्यालय अब्दुल साहब द्वारा किया गया। सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने बताया ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है समांतर्गत कार्य ना करने पर कारवाई की जाएगी एवं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर नीडल अधिकारी अब्दुल साहब सहायक अभियंता जुनैद गौड ,चौधरी चरण सिंह, ठेकेदार ए के तिवारी उपस्थित रहे।

# समर हत्याकांड: मंगलौर पुलिस ने पांच दबोचे

## बारात में दो पक्षों के संघर्ष में एक युवक हुई थी मौत, तीन हुए थे गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** समर हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।मुजफ्फरनगर गई बारात में स्नो स्प्रे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था जिसमें शुरुआती सुलह के बाद बस में फिर हुई झड़प और बारात वापस आने पर झगड़े में समरखान की मौत हुई थी जबकि 03 अन्य गंभीर घायल साथियों को हायर सेंटर रेफर किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 21 मई को मंगलौर क्षेत्र से नाजिम की बारात मुजफ्फरनगर गयी थी। बारात स्थल पर स्नो स्प्रे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था उपस्थित लोगों के द्वारा बीचबचाव करने के कारण वहां मामला शांत हो गया था। वापसी के वक्त बारात की बस में दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद होने पर एक पक्ष ने कॉल कर अपने साथियों को बुला लिया। मृतक पक्ष जब बस से उतरा तो विपक्षियों ने झगड़े का बदला लेने लिए चाकू से ताबड़तोड़ वार करने शुरु कर दिए। हमले में घायल युवकों को अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा समरखान को मृत घोषित किया गया था तथा अन्य 03 युवकों को हायर सेंटर रेफर किया गया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के संबंध में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए निर्देशों पर गठित टीम ने भौतिक तथा



वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाते हुए कुछ टीमों को आरोपियों के नाते रिश्तेदारों के घरों पर तलाश करने, कुछ टीमों को जनपद व शहर के आने जाने वाले रास्तों पर निगरानी रखने तथा एक टीम को स्थानीय मुखबिरों से मुलाकात कर लाभप्रद सूचना से पुलिस को अवगत कराने का टास्क दिया गया। लगातार प्रयासों के बीच मुखबिर सटीक सूचना पर पुलिस ने 05 आरोपित को दबोचकर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किए गए। मुकदमें में अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पकड़े गए आरोपियों में शाह आलम पुत्र अनवर निवासी हनुमान चौक के पास मु0नगर हाल मौ0 पठानपुरा मंगलौर, अब्दुल रहमान पुत्र इमरान निवासी मौ0 पठानपुरा थाना कोत0 मंगलौर हरिद्वार, फैजू पुत्र अनवर निवासी मु0 नगर हाल निवासी मौ0 पठानपुरा कोत0 मंगलौर, अमन उर्फ साहिल पुत्र रियासत निवासी हापुड हाल निवासी मौ0 पठानपुरा कस्बा मंगलौर हरिद्वार,गुलजार पुत्र गुलबहार निवासी मौ0 पठानपुरा कस्बा मंगलौर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शान्ति कुमार,वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक मुनब्बर हुसैन, नीरज रावत, वीरपाल, अपर उप निरीक्षक गजपाल, हैड कांस्टेबल श्मयाबाबू, माजिद, कांस्टेबल मन्दीप, शहजाद, रविन्द्र खत्री और फील्ड यूनिट टीम में कॉन्स्टेबल विनय भट्ट,अनिल चौहान और कांस्टेबल अर्जुन शामिल रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 24 मई 2025

## विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

### सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही




केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

**-राहुल गांधी**
**लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती



ललित गर्ग



हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनः स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

**इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।**

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

### जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

### लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुईं, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

### राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

### इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आईं, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।



### मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

# आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।



**भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।**

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

### शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

**...साभार**

## ट्रम्प का मिजाज निराला

# हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक

**न्यूयार्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रि ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सके, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।



**ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल**

### कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

**ओटावा।** कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

## इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।




**जम्मू-कश्मीर। किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।**

# सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

### पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक



**24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है**

पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।

## यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें

**ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं**

कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

# बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

### बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को

**यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की**


लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार



महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

# पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।



केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ

**हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले**

(एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।

## इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

**तेल अवीव।** यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

**जुबा/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं। उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

## आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

**मॉस्को।** रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के

**पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया**


खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

# पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

### आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।



वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
- Russia
- Georgia
- Kazakistan
- Kyragyzstan
- Uzbekistan
- Iran
- Bangladesh
- Nepal
- China
- Europe
- Egypt
- Armenia
- U.K.
- Canada
- U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor